www.navpradesh.com

दैनिक **नवप्रदेश** प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 5 | आंचलिक 7 | आंचलिक

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, मंगलवार 1 फरवरी 2022, कृष्ण पक्ष अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-344 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

घनघोर अंधेरा एक तरफ, छोटे से दीपक की रौशनी एक तरफ, मुश्किलें कितनी भी हों, दीपक की तरह डटे रहो, सफलता तुम्हारे कदम चूमेगी।

आज बेबाक

सत्ता का सेमीफाइनल कहे जाने वाले पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव में नेताओं के बीच एक दूसरे की टांग खींचने की स्पर्धा से लोगों का बढ़िया मनोरंजन हो रहा है। फिर भी यदि लोगों का दिल नहीं बहल रहा है तो उनके निःशुल्क मनोरंजन के लिए संसद का बजट सत्र शुरू हो रहा है। जिसको राजनीति का अखाड़ा बनाने में हमारे माननीय अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेंगे। आखिर उन्हें वेतन भत्ते के रूप में मिलने वाले नमक का हक जो अदा करना है। सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच नुरा कुश्ती निश्चित ही दिलचस्प- होगी।ह्य

सूर्योदय

उदय : 7.12 प्रात:

अस्त : 5:33 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,924,006,390

भारत: 1,401,868,430

बाजार

सेंसेक्स : 58,014.17

निफ्टी: 17,339.85

गोल्ड : 48,990 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,300 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 4.49 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	29.0	15.1
बिलासपुर	28.3	14.9
जगदलपुर	30.2	13.1
अंबिकापुर	25.0	10.5

आज का दिवस

भारतीय तटरक्षक दिवस: भारत में तटरक्षक का आविर्भाव, समुद्र में भारत के राष्ट्रीय क्षेत्राधिकार के भीतर राष्ट्रीय विधियों को लागू करने तथा जीवन और संपति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एक नई सेवा के तौर पर 1 फरवरी 1977 को हुआ था। इस बात की आवश्यकता महसूस की गई कि नौसेना को इसके युद्धकालीन कार्यों के लिए अलग रखा जाना चाहिए तथा विधि प्रवर्तन के उत्तरदायित्व के लिए एक अलग सेवा का गठन किया जाए।

आर्थिक सर्वे पेश, 2022-23 में जीडीपी ग्रोथ 8-8.5% रहने का अनुमान

इकोनॉमी सर्वे से शेयर बाजार ने पकड़ी रफ्तार, सेंसेक्स 814 अंक के उछाल के साथ बंद

नई दिल्ली (ए.)। संसद का बजट सत्र सोमवार को शुरू हुआ और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में आर्थिक समीक्षा पेश की। आर्थिक समीक्षा केंद्रीय बजट से पहले पेश की जाती है और इसमें अर्थव्यवस्था की स्थिति का लेखा-जोखा होता है। इस आर्थिक सर्वे में वित्त वर्ष 2022-23 के लिए सरकार के बजट से पहले अर्थव्यवस्था की स्थिति का ब्योरा दिया गया है। सर्वे में कहा गया है कि कोविड-19 के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के डर ने देश के साथ-साथ पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था को झटका दिया ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ट्रैवल, ट्रेड और होटल सेक्टर नहीं उबरे

सर्वे में बताया गया है कि ट्रैवल, ट्रेड और होटल सेक्टर अभी महामारी के मार से उबरे नहीं हैं। महामारी की रुकती-बढ़ती गति के चलते जो सब-सेक्टर्स हैं, वो वापस खड़े होने में मुश्किलों का सामना कर रहे हैं।

सबसे कम प्रभाव कृषि क्षेत्र पर पड़ा

सबसे ज्यादा प्रभावित सर्विस सेक्टर है। वहीं, सबसे कम प्रभाव कृषि क्षेत्र पर पड़ा है। इस साल सर्विस सेक्टर में 8.2% का ग्रोथ दर्ज करने का अनुमान है। सरकार ने सर्वे में बताया है कि आर्थिक गतिविधियां महामारी के पूर्व के स्तर पर आ गई हैं।

8-8.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान

आर्थिक समीक्षा में वित्त वर्ष 2022-23 (अप्रैल 2022 से मार्च 2023) के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के 8-8.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान लगाया गया है। दूसरी ओर राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के अनुमान के मुताबिक आर्थिक वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत रह सकती है।

सकल घरेलू उत्पाद में 7.3 % की गिरावट आई

समीक्षा 2021-22 में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की स्थिति के साथ ही वृद्धि में तेजी लाने के लिए किए जाने वाले सुधारों का ब्योरा दिया गया है। वित्त वर्ष 2020-21 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 7.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। आर्थिक समीक्षा भारतीय अर्थव्यवस्था की स्थिति को मजबूत बनाने के लिए आपूर्ति-पक्ष के मुद्दों पर केंद्रित है।

बजट से एक दिन पहले शेयर बाजार में जबरदस्त रौनक

सेंसेक्स ने लगाई 800 अंकों की छलांग, निवेशक हुए मालामाल

नई दिल्ली। कल बजट पेश होना है उससे पहले आज शेयर बाजार में अच्छी खरीदारी देखने को मिली है। सेंसेक्स-निफ्टी में आज जोरदार तेजी रही। सेंसेक्स 813 अंक यानी 1.42% उछल कर 58,014.17 बंद हुआ तो निफ्टी 237 अंक यानी 1.39% की तेजी के साथ 17,339 के पर बंद हुआ। आज रियल्टी और आईटी कंपनियों के शेयर्स में ज्यादा तेजी नजर आई। रियल्टी सेक्टर के शेयरों में आज 3.17 फीसदी की बढ़त देखने को मिली उसके बाद आईटी सेक्टर के स्टॉक्स में 2.70%, हेल्थकेयर सेक्टर में 2.70%, और इंफ्रा स्टॉक्स में 1.42% और टेलीकॉम कंपनियों के शेयरों में 1.32% की तेजी रही। संसद में इकोनॉमिक सर्वे पेश होने के बाद बाजार में भारी तेजी दिखी, जिससे निवेशकों की खूब कमाई हुई। बता दें कि बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 264.45 लाख करोड़ रुपए है। शुक्रवार को यह 261.23 लाख करोड़ रुपए था।

राष्ट्रपति के भाषण में छोटे किसानों व महिला सशक्तिकरण पर फोकस

प्रमुख बिंदु में किसान, टीकाकरण से लेकर महिला सशक्तिकरण

नई दिल्ली/वार्ता/नवप्रदेश। बजट सत्र 2022-23 की शुरुआत राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के अभिभाषण से शुरू हुआ। कोरोना महामारी और वैक्सीनेशन कार्यक्रम का जिक्र कर राष्ट्रपति ने अपना अभिभाषण शुरू किया। राष्ट्रपति ने कहा कि छोटे किसानों और महिला सशक्तिकरण पर सरकार का खास ध्यान है। उन्होंने छोटे किसानों और महिलाओं के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों का जिक्र किया। उन्होंने तीन तलाक कानून का जिक्र किया।

किसानों को सशक्त बनाने हो रहा काम: बजट से पहले राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अभिभाषण में कहा कि सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था और देश के किसानों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तीन तलाक जैसे कुप्रथा का दूर किया

सरकार ने तीन तलाक को कानूनन अपराध घोषित कर समाज को कुप्रथा से मुक्त करने की शुरुआत की है। मुस्लिम महिलाओं पर, केवल मेहरम के साथ ही हज यात्रा करने जैसे प्रतिबंधों को हटाया गया है।

गरीबों को हर माह मुफ्त राशन

प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अंतर्गत मेरी सरकार सभी गरीबों को हर महीने मुफ्त राशन दे रही है। 44 करोड़ से अधिक गरीब देशवासी बैंकिंग सिस्टम से जुड़े। दिसम्बर 2021 में, देश में 8 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का लेन-देन यूपीआई के माध्यम से हुआ है।

गरीबों को प्रधानमंत्री आवास

प्रधानमंत्री आवास योजना में अब तक दो करोड़ से अधिक पक्के घर गरीबों को मिल चुके हैं। 2021-22 में 28 लाख सेल्फहेल्प ग्रुप्स को बैंकों की तरफसे 65 हजार करोड़ रुपए की मदद दी गई है। यह राशि 2014-15 की तुलना में 4 गुना अधिक है।

महिला सशक्तिकरण के लिए उच्च प्राथमिकता

महिला सशक्तिकरण सरकार की उच्च प्राथमिकताओं में से एक है। बेटे-बेटी को समानता का दर्जा देते हुए सरकार ने महिलाओं के विवाह के लिए न्यूनतम आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करने का विधेयक भी संसद में प्रस्तुत किया। मुद्रा योजना के माध्यम देश की माताओं-बहनों की उद्यमिता और कौशल को बढ़ावा मिला। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पहल के अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। स्कूलों में प्रवेश लेने वाली बेटियों की संख्या में उत्साहजनक वृद्धि हुई है। सरकार के नीतिगत निर्णय और प्रोत्साहन से, विभिन्न पुलिस बलों में महिला पुलिस-कर्मियों की संख्या में, 2014 के मुकाबले दोगुनी से ज्यादा बढ़ोतरी हो चुकी है।

3 को राहुल करेंगे 'भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' का शुभारंभ

यूपी से लौटते ही सीएम भूपेश पहुंचे साइंस कॉलेज मैदान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 'न्याय सब्बो बर-सब्बो डहर' के ध्येय वाक्य के साथ काम शुरू करने वाली कांग्रेस की सरकार ने नित नई योजनाएं लागू कर प्रदेशवासियों को काफी राहत पहुंचाने का काम किया है। जिसका क्रियान्वयन भी किया जा रहा है। अब 'न्याय' की कड़ी में ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार को 'न्याय' मिलने जा रहा है। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनाव आयोग का बड़ा फैसला, 1000 लोगों की सभा को दी अनुमति

नई दिल्ली। भारत निर्वाचन आयोग ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नई गाइडलाइन जारी की है। इसके मुताबिक अब डोर टू डोर कैंपेन के लिए 10 की जगह 20 लोगों की इजाजत होगी। वहीं इनडोर बैठक में अब 300 की जगह 500 लोग शामिल हो सकते हैं। बता दें कि कोविड-19 मामलों में वृद्धि के बीच, चुनाव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

9 राज्यों में हिंदुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा देने का मामला

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र के रूख पर जताई नाराजगी, लगाया जुर्माना

■ **सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर 7500 रुपये का जुर्माना भी लगाया है**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट इन दिनों 9 राज्यों में हिंदुओं को अल्पसंख्यक का दर्जा देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा है। सोमवार को इस मामले पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने केंद्र सरकार से अपना रुख साफ न करने पर नाराजगी जताई है।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार पर सात हजार पांच सौ (7500) रुपये का जुर्माना भी लगाया। दरअसल, इस मामले में केंद्र सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए 2 और सप्ताह का समय मांगा था। कोर्ट द्वारा वक्त दिए जाने के बावजूद केंद्र ने जवाब दाखिल नहीं किया। इस याचिका ■ शेष पृष्ठ 6 पर

ममता बनर्जी ने गवर्नर जगदीप धनखड़ को ट्विटर पर किया ब्लॉक, लगाए गंभीर आरोप

कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को राज्य के गवर्नर जगदीप धनखड़ को ट्विटर पर ब्लॉक कर दिया है। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि वो बंगाल के गवर्नर के ट्वीट से परेशान हो गई थीं, जिसके बाद उन्होंने जगदीप धनखड़ को ब्लॉक कर दिया। इस दौरान ममता बनर्जी ने गर्वनर धनखड़ पर गंभीर आरोप भी लगाए। सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हिंदुत्व के रास्ते सत्ता की सीढ़ियां तैयार करती भाजपा

कवर्धा और कालीचरण के बाद अब बारी दुर्ग की

बस स्टैण्ड से हनुमान मंदिर हटाए जाने को लेकर बड़ा आंदोलन खड़ा करने की तैयारी!

नरेश सोनी

दुर्ग। कवर्धा का सांप्रदायिक उन्माद थमा तो धर्मसंसद में कालीचरण महाराजा की जुबान फिसल गई। अभी यह मामला चल ही रहा था कि दुर्ग में बीच सड़क से हनुमान मंदिर हटाए जाने को लेकर बवाल मच गया है। सवाल यह उठ रहा है कि क्या विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा और उसके सहयोगी संगठन हिंदूत्व की धारा पर चलकर अपनी नैय्या पार लगाना चाह रहे हैं?

रायपुर नाका से लेकर पुलगांव चौंक तक यातायात की हालत बेहद खराब है। इसीलिए इस मार्ग के चौड़ीकरण और अतिक्रमणों को हटाए जाने का प्रस्ताव किया गया और इसी के तहत अब ■ शेष पृष्ठ 6 पर

...जब फिसली कालीचरण महाराज की जुबान

कवर्धा का मामला जब दम तोडऩे लगा तो भाजपा के हाथ एक और बड़ा मुद्दा लग गया। रायपुर में आयोजित धर्मसंसद में अकोला के कालीचरण महाराज ने सार्वजनिक रूप से महात्मा गांधी के लिए अपशब्दों का प्रयोग कर दिया। वे यहीं नहीं रूके। उन्होंने गांधी के हत्यारे नाथूराम गोंडसे की प्रशंसा कर भाजपा विरोधियों को भीतर तक सुलगा दिया। उनकी मध्यप्रदेश में की गई गिरफ्तारी और उसकी प्रक्रिया से लेकर जेल जाने तक को भाजपा ने बड़ी चतुराई से भुनाने का प्रयास किया। अब दुर्ग में जिस तरह से मंदिर हटाए जाने की तैयारियों को धार्मिक आस्था से जोड़कर पेश किया जा रहा है, उसके बाद यह सवाल लाजिमी है कि क्या भाजपा हिंदूत्व की पगडंडी के जरिए सत्ता के हाइवे तक पहुंचने की कोशिश में है? कुछ महीने पहले तक मुद्दाविहीन रही भाजपा के पास अब हिंदूत्व का वह कार्ड मौजूद है, जो कभी असफल नहीं रहा है।

कवर्धा में काम आई प्रशासन की सख्ती

थोड़ा पीछे जाएं मंदिर का यह मामला बड़े फलक पर अलग ही नजर आता है। छत्तीसगढ़ में विधानसभा के चुनाव को करीब डेढ़ साल का वक्त बचा है और विगत करीब साढ़े 3 वर्षों में पार्टी के पास कोई मुद्दा नहीं था। नेता से लेकर कार्यकर्ता तक सब ठंडे बैठे थे। पिछले चुनाव के नतीजों ने पार्टी को बुरी तरह से पटका और 90 विधानसभा सीटों में से उसे महज 14 सीटों तक समेट दिया। ऐसे में पार्टी के भीतर न उत्साह बच पाया, न उसके पास सरकार को घेरने या मतदाताओं तक पहुंचने का कोई मजबूत आधार था। पार्टी के रणनीतिकारों के चेहरों पर मायूसी थी और हवाइयां ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मुख्य सचिव ने साईंस कॉलेज मैदान में की जा रही तैयारियों का लिया जायजा

सांसद राहुल गांधी का 3 फरवरी को छत्तीसगढ़ प्रवास

■ राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और राजीव युवा मितान क्लब योजना का करेंगे शुभारंभ

■ गांधी सेवा ग्राम और छत्तीसगढ़ अमर जवान ज्योति का करेंगे भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा सांसद राहुल गांधी राजधानी रायपुर के साईंस कॉलेज मैदान में 3 फरवरी को आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना और राजीव युवा मितान क्लब का शुभारंभ और गांधी सेवा ग्राम और अमर जवान ज्योति की आधारशीला रखेंगे। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने आज साईंस कॉलेज मैदान में की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को मुख्य कार्यक्रम स्थल, विभागीय प्रदर्शनी स्थल, पार्किंग एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने साइंस कॉलेज मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई जा रही विकास प्रदर्शनी सहित विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण किया और अधिकारियों को कार्यक्रम स्थल में आवागमन के साथ ही बिजली, पेयजल व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर वीआईपी मूमेंट और सुरक्षा व्यवस्था की भी समीक्षा की।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी 3 फरवरी को छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी योजना राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना का शुभारंभ करेंगे और योजना के तहत पंजीकृत 3 लाख 55 हजार भूमिहीन कृषि मजदूरों के खातों में योजना की प्रथम किस्त की राशि का उनके बैंक खाते में अंतरण करेंगे।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के लिए राज्य सरकार ने अनुपूरक बजट में 200 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। योजना के तहत भूमिहीन कृषक मजदूरों को साल में तीन किश्तों में 6 हजार रूपए की राशि सीधे उनके बैंक खाते में अंतरित की जाएगी।

कार्यक्रम में सांसद राहुल गांधी राजीव युवा मितान क्लब योजना का शुभारंभ भी करेंगे। इस मौके पर सांसद राहुल गांधी और वर्धा की तर्ज पर नया रायपुर में बनने वाले गांधी सेवा ग्राम और अमर जवान ज्योति का भी भूमिपूजन करेंगे।

स्थल निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुब्रत साहू, स्वास्थ्य विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.आलोक शुक्ला, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेसी, सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, खाद्य सचिव टोपेश्वर वर्मा, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग के सचिव अन्नबलगन पी., नगरीय प्रशासन एवं वित्त विभाग की सचिव अलरमेल मंग्गई डी., आईजी इंटेलिजेंस आनंद छाबड़ा, गोधन न्याय योजना के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. एस. भारतीदासन, कलेक्टर रायपुर सौरभ कुमार, एसएसपी प्रशांत अग्रवाल सहित अन्य संबंधित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

न्यूज गैलरी

मन की बात कार्यक्रम में आकाशवाणी के उद्घोषक श्याम वर्मा को दी भावभीनी विदाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ रेडियो श्रोता संघ के तत्वावधान में ग्राम मगरघटा अमलेश्वर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सामूहिक श्रवण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 31 जनवरी को आकाशवाणी से सेवानिवृत्त हो रहे वरिष्ठ उदघोषक श्याम वर्मा को भावभीनी विदाई दी गई। इसके पूर्व श्रोताओं ने महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम में छग श्रोता संघ के संयोजक अशोक बजाज, अध्यक्ष पारस साहू, आकाशवाणी के उदघोषक श्याम वर्मा, अनिल सालोमन, संज्ञा टण्डन, अनीश श्रीवास, प्रकाश उदय, शुभ्रा ठाकुर, शशांक खरे, सुजाता शुक्ला, अशोक पटेल, हरमिंदर सिंह चावला, अशोक श्यामकुंवर, डॉक्टर नौशाद सिद्धकी, चंद्रपाल सिंह कटघोरा, पुरुषोत्तम सिंह रायगढ़, कमलकांत गुप्ता चरडोंगरी, दुर्गा राम साहू, दिनेश वर्मा, विनोद वंडलकर, प्रताप पांडे, कृष्ण चंद्र सोनी, डोमन ठाकुर, चंद्रपाल सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, छेदुलाल यादव, केशव साहू एवं भावनदास सुखलानी सहित काफी संख्या में रेडियो श्रोतागण शामिल हुए।

रेत का अवैध परिवहन, 4 हाइवा जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के अवैध खनिजों के उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध कडी कार्रवाई करने के सख्त निर्देश पर कलेक्टर रायपुर सौरभ कुमार और पुलिस अधीक्षक प्रशांत अग्रवाल के मार्गदर्शन में दूसरे दिन भी जिले के अनेक क्षेत्रों में राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। अवैध रेत परिवहन की कार्यवाही करते हुए तहसीलदार आरंग अभिषेक कुमार (भा.प्र.से.) की अगुवाई में तीन हाइवा गाड़ी बिना पिट पास के परिवहन कर मौके में जप्त कर थाना आरंग के सुपुर्दगी में दिया गया। इसी तरह ओवर लोड की संभावना में 4 गाड़ी हाइवा को वजन करा कर अग्रिम कारवाही हेतु माइनिंग विभाग को सौपा गया। आज की इस कार्रवाई में तहसीलदार आरंग, अतिरिक्त तहसीलदार तहसील के कर्मचारी एवं पुलिस प्रशासन से थाना प्रभारी एवं स्टाफ शामिल थे।

आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों के लिए निजी संस्थाओं ने दिए खिलौनें

रायपुर/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के अधिकार, महिला सशक्तिकरण, किशोरी स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रही संस्था नेशनल इंस्टीट्यूट आफ वुमन चाइल्ड एवं यूथ डेवलपमेंट, भोपाल, मुथुट फाइनेंस के सहयोग से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को बच्चों के लिये, डार्ट बोर्ड, टेनिसकोट रिंग, शटल कॉक, बैडमिंटन, लूडो, केरम बोर्ड आदि के 25 सेट खिलौने वितरित किया गया। बाल विकास परियोजना धरसीवां, सरोना परीक्षेत्र की 25 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को यह खिलौने वितरित किया जाएगा। चंगोराभाठा शासकीय स्कूल के पास स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 7 में आयोजित वितरण कार्यक्रम में रमेश मायवाड, कार्यक्रम समन्वयक, संस्था निवसीड भोपाल के प्रतिनिधि, मुथुट फाइनेंस के रीजनल मैनेजर मोहन सैमुअल सहित 25 आंगनबाड़ी केंद्र के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

होटल, रेस्टोरेंट, फूड पार्क आदि को रात 11 एवं ठेला, गुमटी को 10 तक संचालन की अनुमति

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, रायपुर प्रशांत अग्रवाल ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर के द्वारा कोविड संक्रमण की स्थिति को देखते हुए, होटल, रेस्टोरेंट, फूड पार्क आदि को रात 11 बजे तक एवं ठेला, गुमटी आदि को रात्रि 10 बजे तक संचालन करने की अनुमति दी गयी है। रायपुर पुलिस के द्वारा इन निर्देशों का पालन कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके लिए थानों को अतिरिक्त पेट्रोलिंग भी प्रदाय किया गया है। नगर पुलिस अधीक्षक व थाना प्रभारियों द्वारा स्वयं इसकी मानिटरिंग की जा रही है।

18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग की 72 फीसदी आबादी ने लगवाए दोनों टीके

2.35 लाख लोगों को लगाया जा चुका है प्रिकॉशन डोज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए लोगों का तेजी से टीकाकरण किया जा रहा है। प्रदेश में एक करोड़ 42 लाख 29 हजार 367 नागरिकों को कोरोना से बचाव का दोनों टीका लगाया जा चुका है।

यह प्रदेश में टीकाकरण के लिए पात्र 18 वर्ष से अधिक की आबादी का 72 प्रतिशत है। राज्य में दो लाख 35 हजार 308 स्वास्थ्यकर्मियों, फ्रंटलाइन वर्कर्स तथा 60 वर्ष से अधिक के लोगों को प्रिकॉशन डोज भी लगाया जा चुका है। राज्य में 18 वर्ष से अधिक के 99 प्रतिशत और 15 से 18 वर्ष की 60 प्रतिशत जनसंख्या को पहला टीका लग चुका है। यहां 18 वर्ष से अधिक के एक करोड़ 95 लाख 15 हजार 509 नागरिकों और 15 से 18 वर्ष के नौ लाख 82 हजार 621 किशोरों को कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगाया जा चुका है।

दोनों आयु वर्गों में पहली और दूसरी तथा प्रिकॉशन डोज को मिलाकर प्रदेश भर में अब तक (30 जनवरी तक) कुल तीन करोड़ 49 लाख 62 हजार 805 टीके लगाए गए हैं।

केस कम लेकिन संक्रमण दर बढ़ गया

रविवार को केवल 2 हजार 373 नए केस आए। यह रोजाना के औसतन 4 हजार 5 हजार केस से करीब आधा है। इसके बाद भी संक्रमण दर में वृद्धि दर्ज की गई है। रविवार को प्रदेश की संक्रमण दर 9.14% रही। शनिवार को यह 8.62% थी। शुक्रवार को संक्रमण दर 8.24% रही। 26 जनवरी को तीसरी लहर में सबसे ऊंची संक्रमण दर 15.81% दर्ज हुई थी।

कोरोना की वजह से रोज हो रही मौत के आंकड़े अभी भी चिंताजनक बने हुए हैं। रविवार को 10 मरीजों की मौत हुई। उसमें सबसे अधिक चार लोग दुर्ग-भिलाई के थे। रायपुर के दो लोगों की मौत हुई। जबकि राजनांदगांव, कोरबा, सूरजपुर और कांकेर के एक-एक मरीज की जान गई है। कोरोना की शुरुआत से लेकर अब तक 13 हजार 834 लोगों की जान जा चुकी है।

28 दिनों में हुई मौतों में से अधिकतर ने नहीं लगवाया टीका

कोरोना की तीसरी लहर में सबसे अधिक मौतें उन लोगों की हो रही है, जिन्होंने कोरोना का टीका नहीं लगवाया। इस महीने की डेथ ऑडिट रिपोर्ट से सामने आया है कि जनवरी के 28 दिनों में जिन लोगों की मौत हुई है, उनमें से अधिकतर ने कोई भी टीका नहीं लगवाया था।

इस महीने 28 जनवरी तक कोरोना से 209 मरीजों की मौत दर्ज हुई है। उनकी डेथ ऑडिट रिपोर्ट से पता चला कि इनमें से 135 लोगों को कोरोना टीके की एक भी खुराक नहीं लगी थी। 20 लोगों को केवल एक डोज लगाई गई थी। वहीं 54 मरीज ऐसे थे जिन को टीके की दोनों खुराक लगाई जा चुकी थी। पिछले सप्ताह रायपुर में एक 37 साल के युवक की मौत हुई। पड़ताल में पता चला कि उसने कोरोना टीके की एक भी डोज नहीं लगवाई थी।

प्रभावी है एंटी-कोरोनावायरस वैक्सीन

महामारी नियंत्रण के निदेशक डॉ. सुभाष मिश्रा का कहना है कि अभी तक की स्थिति को देखते हुए एंटी-कोरोनावायरस वैक्सीन कारगर होती दिख रही है। संभव है कि अधिकांश लोगों के टीकाकरण के कारण कोरोना कहर न बरपा सके।

स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के इम्पैनलमेंट के लिए 5 फरवरी तक आवेदन

■ सिविल इंजानियरिंग से जुड़े सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता कर सकते हैं आवेदन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की एजेंसी छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के इम्पैनलमेंट के लिए आवेदन आमंत्रित किया है। इसके लिए कार्यपालन अभियंता या किसी सरकारी संस्था, केंद्र या राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या उनसे संबद्ध कार्यालयों में समकक्ष पद से सेवानिवृत्त सिविल अभियंताओं से आवेदन मंगाया गया है। शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेजों, आईआईटी, एनआईटी या सरकारी अनुसंधान संस्थानों इत्यादि में कार्यरत या सेवानिवृत्त सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक ऐसे फैकल्टी मेम्बर जिन्हें सड़क निर्माण या पुल की डिजाइनिंग, पर्यवेक्षण और परामर्शदाता के रूप में काम करने का अनुभव हो, वे भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। सड़क निर्माण कार्यों के निरीक्षण के लिए शासकीय सेवा वाले ऐसे उम्मीदवार वांछित हैं जिन्हें अपनी सेवानिवृत्ति के पहले के आखिरी दस सालों में से कम से कम पांच साल सड़क निर्माण का अनुभव हो। वहीं पुल निरीक्षण के लिए पुल निर्माण की योजना, डिजाइनिंग या क्रियान्वयन में आठ वर्ष के अनुभव वाले ऐसे उम्मीदवार वांछनीय हैं जिन्हें पुल परियोजना (Bridge Project) के क्रियान्वयन का कम से कम चार वर्ष का अनुभव हो। सड़क और पुल निरीक्षण के लिए दोनों व्यावसायिक योग्यता एवं मैदानी अनुभव रखने वाले उम्मीदवार दोनों कार्यों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

स्टेट क्वालिटी मॉनिटर के लिए सभी व्यावसायिक और शैक्षणिक योग्यता धारण करने के साथ ही आवेदक किसी तरह के भ्रष्टाचार का दोषी न हो। कम्प्यूटर और स्मार्ट फोन पर काम कर सकने वाले या निर्धारित समय में इन्हें सीखने के इच्छुक उम्मीदवार इस पद के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदकों को मैदानी अनुभव (Field E&periences) से संबंधित दस्तावेज भी आवेदन के साथ संलग्न करने कहा गया है।

इम्पैनलमेंट के लिए पात्रता की शर्तें, स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के कर्तव्य (Duty) और आवेदन पत्र का प्रारूप वेबसाइट www.pmgsy.nic.in (डब्लूडब्लूडब्लू डॉट पीएमजीएसवाई डॉट एनआईसी डॉट इन) पर 'डीओ एंड एसक्यूएम सलेक्शन एंड परफॉर्मेंस इवेल्यूएशन (DO and SQM selection and performance evaluation)' शीर्षक के तहत देखी जा सकती है। स्टेट क्वालिटी मॉनिटर्स के रूप में कार्य करने के इच्छुक आवेदक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण, विकास भवन, सिविल लाइन, रायपुर को 5 फरवरी 2022 तक भेज सकते हैं।

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य जल संसाधन उपयोग समिति की बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य जल संसाधन उपयोग समिति की 51वीं बैठक वीडियो कान्फ्रेसिंग के जरिए आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न जल प्रदाय योजनाओं, विद्युत उत्पादन केन्द्रों और औद्योगिक संस्थानों को राज्य की विभिन्न नदियों से जल उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में कांकेर जिला के विकासखण्ड-कोयलीबेड़ा की पंखांजूर आवर्धन जल प्रदाय योजना, जिला बस्तर के 201-कोबरा बटालियन सीआरपीएफ मुख्यालय-करनपुर को पेयजल हेतु जल प्रदाय आवर्धन योजना, रायगढ जिले के विकासखण्ड बरमकेला के 102 ग्रामों की बरगांव कंचनपुर समूह जल प्रदाय आवर्धन योजना, जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला रायगढ़ विकासखण्ड-सारंगढ़ के 84 ग्रामों की भद्रा-रीवापार समूह जल प्रदाय आवर्धन योजना, विकासखण्ड पुसौर के 50 ग्रामों की कलमा-कोंडातराई समूह जल प्रदाय योजना, जिला रायपुर ब्लॉक-तिल्दा, ग्राम परसदा के निकट स्थापित एकीकृत इस्पात संयंत्र एवं केप्टिव पॉवर प्लांट के विस्तारीकरण हेतु खारून नदी पर निर्मित जल प्रदाय आवर्धन योजना, ब्लॉक-तिल्दा ग्राम सरोरा के निकट स्थापित स्पंज आयरन एवं केप्टिव पॉवर प्लांट के विस्तारीकरण हेतु खारून नदी पर निर्मित लखना एनीकट जल प्रदाय आवर्धन योजना, जिला बेमेतरा ब्लॉक-बेमेतरा ग्राम-भैंसा के निकट प्रस्तावित एथेनॉल संयंत्र हेतु शिवनाथ नदी पर निर्मित तुलसी-पौंसरी एनीकट जल प्रदाय आवर्धन योजना, जिला रायपुर ब्लॉक तिल्दा, ग्राम जलसो के निकट प्रस्तावित एकीकृत इस्पात संयंत्र एवं 65 मेगावाट केप्टिव पॉवर प्लांट हेतु शिवनाथ नदी पर निर्मित तिवरैया जल प्रदाय आवर्धन योजना, जिला कांकेर ब्लॉक-दुर्गकोंदल, ग्राम हाहालद्दी के निकट जल प्रदाय आवर्धन योजना, जिला रायपुर ब्लॉक आरंग, ग्राम आरंग के निकट प्रस्तावित बायो रिफाईनरी (इथेनॉल/बॉयो ईंधन) एवं 12 मेगावॉट केप्टिव प्लांट जल प्रदाय आवर्धन योजना, जिला बालोद ब्लॉक-डौण्डी, ग्राम गिधाली के निकट जल प्रदाय आवर्धन योजना के लिए वार्षिक आधार पर पेयजल आबंटन सहित विभिन्न औद्योगिक संस्थानों, कोल वॉशरी और विद्युत उत्पादन केन्द्रों को जल प्रदाय के संबंध में चर्चा की गई।

आंख के इलाज के लिए निजी अस्पतालों के भरोसे नहीं रहना होगा

माना में बन रहा सरकारी अस्पताल

रायपुर/नवप्रदेश। आँख के बीमारियों से पीड़ित मरीज़ों के लिए बड़ी राहत भरी ख़बर है। राजधानी के माना स्थित सरकारी अस्पताल को आँख के अस्पताल में तब्दील किया जा रहा है। इस 300 बिस्तर वाले अस्पताल में 150 बिस्तर आँख अस्पताल के लिए आरक्षित होंगे। अस्पताल तैयार करने में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से जुटा हुआ है।

जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मीरा बघेल ने बताया कि बहुत जल्द माना में आँख का हॉस्पिटल तैयार हो जाएगा। इसके लिए आदेश जारी किया जाएगा। हॉस्पिटल 150 बेड का तैयार करने की प्लानिंग हो गई है, जिसमें ओटी से लेकर तमाम सुविधाएं रहेगी। हॉस्पिटल का स्वास्थ्य मंत्री, स्वास्थ्य सचिव और स्वास्थ्य संचालक निरीक्षण कर चुके हैं।

उन्होंने बताया कि पहले भर्ती करके इलाज करने की व्यवस्था नहीं थी। ऑपरेशन करने के लिए कम से कम चार दिन भर्ती करना होता है, आने वाले दिनों में यह समस्या नहीं होगी, क्योंकि पूरा हॉस्पिटल तैयार किया जा रहा है। अस्पताल में 150 मरीज़ को भर्ती किया जा सकेगा, साथ ही उनके ऑपरेशन की भी व्यवस्था रहेगी।

मितान क्लब प्रदेशभर में बनेंगे 13 हजार 269 राजीव युवा मितान क्लब

नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में सहभागी बनेंगे युवा

रायपुर/नवप्रदेश। किसी देश और प्रदेश के लिए युवा वह पूंजी होते हैं जिन पर उस देश और प्रदेश का भविष्य निर्भर करता है। इसी विचार को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में युवाओं को सहभागी बनाने की पहल की है। युवाओं को एक सूत्र में पिरोने के लिए भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. राजीव गांधी के नाम पर राजीव युवा मितान क्लब योजना शुरू की जा रही है, जिसके माध्यम से प्रदेश की युवा शक्ति को एक नई दिशा मिलेगी। वहीं युवाओं को एक मंच देकर छत्तीसगढ़ के विकास में सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। राज्य सरकार ने प्रदेशभर में 13 हजार 269 राजीव युवा मितान क्लब के गठन का निर्णय लिया है।

घर-घर पहुंचे जनकल्याणकारी योजनाएं

गौरतलब है कि स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 जनवरी 2020 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य के युवाओं को संगठित करके उनकी ऊर्जा का सदुपयोग नवा छत्तीसगढ़ गढ़ने में करने की बात कही थी। इसके लिए युवाओं को एक मंच पर लाना जरूरी है और वह मंच या माध्यम राजीव युवा मितान क्लब है। क्लब से जुड़कर युवा खेलों को आगे बढ़ाने के साथ ही छत्तीसगढ़ की संस्कृति और पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए काम करेंगे। राजीव युवा मितान क्लब का उद्देश्य युवाओं को रचनात्मक कार्यों से जोड़ने के अलावा इन युवाओं के माध्यम से जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजनों तक पहुंचाना भी है।

क्लब गठन का उद्देश्य

राजीव युवा मितान क्लब गठन की योजना का उद्देश्य प्रदेश के युवा वर्ग को संगठित कर उन्हें रचनात्मक कार्यों से जोड़ना है। वहीं उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर सामाजिक, सांस्कृतिक, खेल एवं सेवाभाव से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

साथ ही प्रदेश के विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग प्राप्त कर लोक सहभागिता सुनिश्चित करने व सृजनात्मक गतिविधियों के लिए प्रेरित किया जाना है। राजीव युवा मितान क्लब के माध्यम से युवाओं में नेतृत्व क्षमता के विकास में मदद मिलेगी। इस क्लब के माध्यम से कौशल विकास की गतिविधियाँ भी संचालित की जाएंगी।

यह हुआ है तय

योजना के लिए तय प्रारूप के अनुसार राज्य की सभी 11 हजार 664 ग्राम पंचायतों में एक-एक एवं प्रदेश के 169 नगरीय निकायों में जनसंख्या के अनुपात में 1605 क्लबों का चरणबद्ध तरीके से गठन किया जाएगा। इस तरह राज्य में कुल 13 हजार 269 राजीव युवा मितान क्लब गठित किए जाएंगे। इन क्लबों के लिए 132.69 करोड़ रुपए वार्षिक व्यय संभावित है, जिसमें वित्तीय वर्ष 2021-22 के वार्षिक बजट में राजीव युवा मितान क्लब के लिए 50 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है। प्रति क्लब प्रति तिमाही 25 हजार रुपए की राशि अनुदान के रूप में दी जाएगी।

ये होंगे क्लब के सदस्य

निर्धारित प्रावधानों के अनुसार क्लब में सदस्य बनने की पात्रता राज्य के मूल निवासियों को होगी। इसमें 15 से 40 वर्ष आयु सीमा के बीच के लोग ही सदस्य बनने की योग्यता रखेंगे। प्रत्येक क्लब में सदस्य क्षमता 20-40 तक होगी। इसमें प्रभारी मंत्री यह सुनिश्चित करेंगे कि क्लब में सभी वर्गों का उचित प्रतिनिधित्व हो।

नागरिकों में गीला सूखा कचरा अलग रखने की पड़ी आदत, स्वच्छता दीदियों की हो रही है आमदनी

दुर्ग/नवप्रदेश। निगमायुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान के नेतृत्व एवं नोडल अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में स्वच्छता निरीक्षण, सफाई दरोगा एवं सुपर वाइजारो और शहर के सभी जीरो वेस्ट सेंटर इंचार्ज वहाँ अपने-अपने वार्डो के प्रत्येक घरों में जाकर सफाई कर्मी दीदियों द्वारा घरों से कचरा लिया जा रहा है, कचरा सेलिग्रेट करके निगम स्वच्छता दीदियों कर रही है आमदनी। आम नागरिकों द्वारा गीला सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबीन में रखकर सभी नागरिक देते हैं। जो नहीं देते हैं उन्हें समझाइस दें। अगली बार कचरा अलग-अलग नहीं देने पर तत्काल जुर्माना कार्रवाही की जाएगी। हर घर निगम पहुंचकर अभियान चलाया गया है। अपने घरों में अब दो डस्टबिन रखने की आदत डाल लें। एक सूखे और दूसरी गीले कचरे के लिए। नगर निगम दुर्ग का स्वास्थ्य विभाग अमला आज से वार्डो में जाकर

समझाइश देते रहे। निगम ने घरों से निकलने वाले 100 फीसदी कचरे को ऑन द स्पाट यानी उसी जगह पर अलग-अलग करने का अभियान छेड़ दिया है। इसके तहत लोगों को समझाएंगे कि कैसे सूखा और गीला कचरा अलग-अलग करें। डोर-टू-डोर अभियान के तहत नगर निगम दुर्ग ने शुरवात कर दी है। निगमायुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए सभी वार्डो में जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने कहा ताकि लोग हर घर से अपना-अपना कूड़ा सफाई कर्मचारी को सौंप दें और शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें। उन्होंने बताया कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए निगम ने इन दिनों शहर में से गीला -सूखा कचरा अभियान शुरू कर चुकी है। ताकि लोग यहां-वहां कूड़ा फेंकने की बजाय डोर-टू-डोर सेवा को अपनाएं। उन्होंने बताया कि इस अभियान से एक ओर जहां लोग सड़को में कचरा फेक देते है आवारा पशुओं द्वारा मुंह मारने से जो गंदगी फलती है उससे छुटकारा मिलेगा, डोर-टू-डोर अभियान को नियमित रूप से शुरू कर पाएगा। शहर को साफसुथरा बनाने के लिए हर वार्ड में नागरिको द्वारा गीला सूखा कचरा अलग अलग नही करते है उनसे जुर्माना की कार्रवाही करते आ रही है।

जाति प्रमाण पत्र बनाने निगम के राजस्व विभाग में आवेदन लिए जाएंगे

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर दुर्ग सीमा क्षेत्र अंतर्गत निवासरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों का जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु राज्य शासन द्वारा निर्देशित किया गया है। ऐसे व्यक्ति/ परिवार की पहचान जिनके पूर्व अभिलेख में जाति स्पष्ट नहीं होने शैक्षणिक एवं राजस्व अभिलेखों में वास्तविक जाति के स्थान पर धर्म अंकित है। शासन को पत्र अनुसार ऐसे व्यक्ति जिन्हें उनकी जाति प्रमाणित करने हेतु दस्तावेज उपलब्ध कराने में कठिनाई हो रही है। ऐसे मामले में सामान्य सभा द्वारा सर्व समिति से उद्घोषणा द्वारा उनकी जाति बना बनाए जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

कार्यालय- सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आलोक एस.के. अग्रवाल आ. श्री शालिगराम अग्रवाल, निवासी- कोहका भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक एलआईजी-155, कोहका भिलाई जिला दुर्ग में आबंटित हुआ है, आबंटी श्री आलोक एस.के. अग्रवाल के द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग से दिनांक 24.05.2010 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 15.04.2014 पश्चात उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 03.10.2020 को श्रीमती सीमा प्रसाद पति श्री अनिल कुमार रंजन एवं श्री अनिल कुमार रंजन आ. स्व. रामयाद पंडित के संयुक्त नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेतागण श्रीमती सीमा प्रसाद एवं श्री अनिल कुमार रंजन के द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपना नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेतागण श्रीमती सीमा प्रसाद एवं श्री अनिल कुमार रंजन के संयुक्त नाम पर हस्तांतरण/ नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था बैंक, वृत्तिय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा, नामांतरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ दिनांक 31/01/2022 को जारी किया गया।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कवर्धा, जिला-कबीरधाम
ईश्तहार

अ/2/ 2021-22
क्रमांक/721/अ.वि.द./प्रवा-2/2021
कवर्धा, दिनांक 26/12/2021

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं नगरवासीगण कवर्धा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता पटेल पति जीवन पटेल पता- कवर्धा, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम छ.ग. मो.नं. 7869087168 ने अपने निजी स्वामित्व की ग्राम कवर्धा प.ह.नं. 00003 रा.नि.मं. कवर्धा 1 तहसील कवर्धा स्थित भूमि खसरा नं. 74/27 रकबा 0.022 हेक्टेयर भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कि जाने हेतु आवेदन मय दस्तावेज प्रस्तुत किया है।

उक्त आवेदित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन किए जाने से जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 15/02/2022 को समय 05.30 बजे तक स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से कर सकते हैं। पश्चात के दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/01/2022 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी।
जारी दिनांक 31/01/2022
पेशी दिनांक 15/02/2022

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी तहसील बोरी, जिला-दुर्ग छ.ग.
ईश्तहार

राजस्व प्र. क्रमांक अ/19(2)/2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष तहसील सतनामी समाज बोरी साकिन बोरी द्वारा ग्राम बोरी प.ह.नं. 26 रा.नि.मं. बोरी तहसील बोरी जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक का आवासीय घास भूमि ख.नं. 45/1 का टुकड़ा रकबा 0.09 हे. में सांसद निधि द्वारा भवन निर्माण, अहाता निर्माण, बोर खनन किया जाकर सामाजिक गतिविधियां जारी है का भूमि आबंटन सतनामी समाज बोरी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन लंबित है।

अतः भूमि आबंटन किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या दावा हो तो वे स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के साथ सुनवाई दिनांक 14/02/2022 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिति के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/1/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार
बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता अशोक कुमार शाह (Ashok Kumar Shah) आ. श्री शिव प्रसाद शाह (Shiv prasad shah) उम्र 44 वर्ष निवासी-एमआईजी-58, वैशाली नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो निम्नलिखित अभिकथन शपथपूर्वक करता हूं-
1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। 2. यह कि मेरे कुछ शैक्षणिक एवं शासकीय अभिलेखों में मेरा नाम अशोक कुमार शाह (Ashok Kumar Shah) आ. श्री शिव प्रसाद शाह (Shiv Prasad Shah) दर्ज है मेरे अंग्रेजी के उपनाम में sha दर्ज हो गया है जो कि गलत है मेरे अंग्रेजी के सही उपनाम shah को दर्ज करवाना चाहता हूं अर्थात मेरा सही व वास्तविक नाम अशोक कुमार शाह (Ashok Kumar Shah) आ. श्री शिव प्रसाद शाह (Shiv Prasad Shah) अपने समस्त शैक्षणिक रिकार्डो, समस्त अभिलेखों सहित समस्त विभागों/ शासकीय/ अर्धशासकीय में दर्ज करवाना चाहता हूं। 3. यह कि उपरोक्त शपथ पत्र मेरे उपयोग अंग्रेजी उपनाम sha के स्थान पर सही व वास्तविक उपनाम shah दर्ज किए जाने बाबत सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना है अतः शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ता अशोक कुमार शाह (Ashok Kumar Shah) आ. श्री शिव प्रसाद शाह (Shiv Prasad Shah) उम्र 44 वर्ष निवासी-एमआईजी-58, वैशाली नगर भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 1 से 3 तक के कथन मेरे निजी ज्ञान एवं जानकारी अनुसार सही व सत्य है अतः आज दिनांक 20.01.2022 को स्थान दुर्ग में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित कर दिया।

शपथकर्ता

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202201100900104

विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
सांकरा प.ह.नं. 00008
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - मनीष तिवारी
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.नं. 08 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मनीष तिवारी पिता प्रेमशंकर निवासी नयापारा गोलबाजार रायपुर जिला रायपुर द्वारा ग्राम सांकरा ह.नं. 08 स्थित भूमि ख.नं. 81/1 रकबा 0.01 हे. को पंजीकृत बैनामा दिनांक 12.08.2008 को क्रय कर ना. क्र. 103 वर्ष 2007-08 के आधार पर प्रमाणीकरण होना परंतु ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं होने से मूल पुस्तिका प्रदाय किए जाने प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक मनीष तिवारी पिता प्रेमशंकर द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर उपरोक्त भूमि का आवेदक को ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 14/02/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/01/2022 को जारी किया जाता हैं।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला क्रमांक 202201100900105

विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
अमलेश्वर प.ह.नं. 00005
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - मंजूषा श्रीवास्तव,
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 05 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कु. मंजूषा श्रीवास्तव पिता रमेश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा ग्राम सिविल सेंटर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अमलेश्वर ह.नं. 05 तहसील पाटन स्थित अंशु गुलाटी पिता आशीष गुलाटी के नाम दर्ज भूमिस्वामी एवं आधिपत्य की परिवर्तित आवासीय भूमि ख.नं. 630/409 रकबा 1500 (13940 वर्गमीटर) भूखंड क्रमांक 103 को पंजीकृत बैनामा दिनांक 06.12.2021 से क्रय आधार पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक कु. मंजूषा श्रीवास्तव पिता रमेश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 14/02/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/12/2021 को जारी किया जाता हैं।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार
पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

श्रीमान कार्यपालिक दण्डाधिकारी, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता जितेन्द्र सिंह चौहान (JITENDRA SINGH CHAUHAN) पिता श्री उमाशंकर उम्र 46 वर्ष, निवासी-1/27, अटल आवास (आईएचएसडीपी आवास) नेहरू नगर ईस्ट भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का रहने वाला हूं जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं :-
1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं। 2. यह कि मेरे पुत्र दीपू चौहान (DEEPU CHAUHAN) की जन्म तिथि 10/01/2009 है जो कि सही व सत्य है। 1. यह कि मेरे पुत्र दीपू चौहान (DEEPU CHAUHAN) इंग्लिश मीडिया स्कूल सेक्टर 07 भिलाई जिला दुर्ग में कक्षा आठवीं में अध्ययनरत है। 2. यह कि मेरे पुत्र के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों/ स्कूल रिकार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम जितेन्दर चौहान (JITENDAR CHAUHAN) एवं मेरी पत्नि (मेरे पुत्र की माता) का नाम श्रीमती सुनीता (SUNITA CHAUHAN) दर्ज हो गया है। 3. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, पेन कार्ड, आधार कार्ड मे मेरा नाम जितेन्द्र सिंह चौहान (JITENDRA SINGH CHAUHAN) एवं मेरी पत्नि का नाम श्रीमती सुनीता सिंह चौहान (SUNITA SINGH CHAUHAN) दर्ज है जो कि सही व सत्य है। 4. यह कि मैं अपने पुत्र के समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र/ स्कूल रिकार्ड में अपना सही व वास्तविक नाम जितेन्द्र सिंह चौहान (JITERDRA SINGH CHAUHAN) एवं मेरी पत्नि (मेरे पुत्र की माता) का नाम श्रीमती सुनीता सिंह चौहान (SUNITA SINGH CHAUHAN) दर्ज करवाना चाहता हूं जिस बाबत छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र की आवश्यकता है। अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ता जितेन्द्र सिंह चौहान (JITENDRA SINGH CHAUHAN) पिता श्री उमाशंकर उम्र 46 वर्ष, निवासी-1/27, अटल आवास (आईएचएसडीपी आवास) नेहरू नगर ईस्ट भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) यह सत्पापित करता हूं कि कंडिका 01 से 04 में दी गई जानकारी मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 28 जनवरी 2022 को स्थान दुर्ग में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

शपथकर्ता

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

प.नं. 202201100400321

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती उर्मिला साहू पति रमेश कुमार साहू निवासी आमटी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 1005/ 32 रकबा 0.021 हे./ 2320 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28/01/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

प.नं. 202201100400202

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कुंतीबाई साहू पति ईश्वरी साहू निवासी-शंकरपुर राजनांदगांव द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 43/89 रकबा 0.0150 हे. 1520 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/01/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

प.नं. 202201100400305

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अमित कुमार देवांगन आ. श्याम कुमार देवांगन निवासी बिम्लेश्वरी कालोनी बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि चंदखुरी प.ह.नं. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 433/23 रकबा 0.021 हे./2275 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/01/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

प.नं. 202201100400304

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरिता देवांगन पति अमित कुमार देवांगन निवासी बिम्लेश्वरी कालोनी बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि चंदखुरी प.ह.नं. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 433/35 रकबा 0.010 हे./1137.5 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/01/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

प.नं. 202201100400301

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुमित कुमार देवांगन आ. श्याम कुमार देवांगन निवासी बिम्लेश्वरी कालोनी बोरसी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि चंदखुरी प.ह.नं. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 433/22 रकबा 0.021 हे./2275 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/01/2022 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता तनवीर सिंग आ. त्रिलोक सिंग आयु 38 वर्ष निवासी फ्लैट नं. 307, स्ट्रीट नं. 03 हर्षिल रायल्स कातुल बोर्ड एस.ए.एफ. लाईन भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं कि -
1. यह कि मैं उपरोक्त दर्शाए पते पर निवास करता हूं। 2. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा असली नाम सन्नी जोहल आ. त्रिलोक सिंह दर्ज हो गया है जो कि लिपिकीय त्रुटि हो गया है तथा मेरा आधार कार्ड नं. 7317 2298 2922 है। 3. यह कि मेरे सही व वास्तविक नाम मेरे शालेय प्रमाण पत्र में मेरा नाम तनवीर सिंग आ. त्रिलोक सिंग दर्ज है जो कि सत्य व सही है तथा मेरी जन्मतिथि 18/11/1984 है। 4. यह कि उक्त शपथ पत्र सन्नी जोहल के स्थान पर तनवीर सिंग गजट प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ पत्र श्रीमती सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ता तनवीर सिंग आ. त्रिलोक सिंग आयु 38 वर्ष, निवासी फ्लैट नं. 307, स्ट्रीट नं. 03 हर्षिल रायल्स कातुल बोर्ड एस.ए.एफ लाईन भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका क्र. 1 से 4 तक के कथन मेरी निजी जानकारी एवं विश्वास से सत्य है अतएव आज दिनांक को स्थान दुर्ग में पढ़कर समझकर अपना हस्ताक्षर कर निष्पादित किया।

शपथकर्ता

अनुविभागीय दंडाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)
शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ती ओझिनबाई उर्फ सीमा नायक पति स्व. मौजीलाल नायक उम्र 76 वर्ष स्थाई पता- ग्राम अमोला, पोस्ट व थाना लालबर्रा तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट (म.प्र.) वर्तमान पता- ब्लाक 14जी, सड़क ऐवेन्यू बी, सेक्टर 06 भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की रहने वाली हूं, निम्न शपथपूर्वक जानकारी है कि-
1. यह कि मैं शपथकर्ती का विवरण और पता उपरोक्त वर्णित अनुसार है। 2. यह कि मैं शपथकर्ती के पुत्र उत्तम कुमार नायक भिलाई इस्पात संयंत्र में सीनियर आपरेटर कम टेक्नीशियन के पद पर है, जिसका पर्सनल नंबर 941022 है। 3. यह कि मैं शपथकर्ती के भिलाई इस्पात संयंत्र चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग, सेक्टर 09 जिला दुर्ग में प्रदत्त प्रमाण पत्र के नाम सीमा नायक है, परंतु शाला प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, भारत निर्वाचन आयोग में ओझिन बाई दर्ज है, एक ही व्यक्ति का नाम है। 4. यह कि मैं शपथकर्ती को ओझिन बाई उर्फ सीमा नायक से जाना जाता है, पहचान जाता है, कहा जाता है, बोला जाता है। कहने का तात्पर्य है कि ओझिन उर्फ सीमा नायक एक ही व्यक्ति है, नाम से संबोधित होते हैं। 5. यह कि मैं शपथकर्ती छत्तीसगढ़ राजपत्र शासकीय प्रकाशन विभाग में प्रकाशित करवाना है के कारण से शपथ पत्र पेश किया जाना के कारण से यह शपथ पत्र पेश है। अतः अब मुझे सीमा नायक के नाम से जाना जाए व राजपत्र में प्रकाशन किया जाए।

सत्यापन :- मैं शपथकर्ती ओझिन बाई उर्फ सीमा नायक पति स्व. मौजीलाल नायक उम्र 76 वर्ष स्थाई पता- ग्राम अमोला, पोस्ट व थाना लालबर्रा तहसील वारासिवनी जिला बालाघाट (म.प्र.) वर्तमान पता- ब्लाक 14जी, सड़क ऐवेन्यू बी, सेक्टर 06 भिलाई नगर तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) की रहने वाली हूं। शपथपत्र की कंडिका 01 से 05 तक जानकारी सही है, जिसे कृष्ण कुमार यादव, वकील नोटरी दुर्ग ने मुझे पढ़वाकर सुनकर सही पाकर अपना हस्ताक्षर दुर्ग में दिनांक 22.1.2022 को की हूं।

शपथकर्ती

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202112100700115
/अ-06/ 2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बंशीधर पिता स्व. मंगतू राम पटेल ग्राम बैगामारा तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 946/3, 952/1, 957/2 रकबा 0.036, 0.04099, 0.0811 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार संतोष कुमार की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 15/02/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/1/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 28/01/2022
सुनवाई दिनांक 15/02/2022

सील — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-74/ 2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सहदेव राम पिता स्व. गिरधारी लाल निवासी ग्राम पुलगांव तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 20/3, 22/2, 22/5, 66/1, 253/1 रकबा कुल 1.8510 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11/2/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/1/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 25/01/2022
सुनवाई दिनांक 11/02/2022

सील — तहसीलदार
दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ 2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती अंकिता सिंह पति स्व. विकास सिंह निवासी आशीष नगर रिसाली तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 274/163 का टु. रकबा 1200 वर्गफुट भूमि को विक्रेता तिम्मा स्वामी पिता थिमप्पा निवासी ग्राम से. 2 भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24/1/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/2/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/1/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 25/01/2022
सुनवाई दिनांक 14/02/2022

सील — तहसीलदार
दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ 2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती गीता सिंह पति कृष्ण कुमार सिंह निवासी नया आमापारा दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.नं. 646/7 का टु. रकबा 1400 वर्गफुट हे. भूमि को विक्रेता हेमंत खैरकर पिता स्व. लक्ष्मण राव एम खैरकर निवासी रूवाबांधा से. भिलाई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 8/12/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/2/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/1/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 25/01/2022
सुनवाई दिनांक 14/02/2022

सील — तहसीलदार
दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202103103800024/
अ-20(3)/2020-21

आवेदिका श्रीमती शैलदेवी शर्मा पति स्व. दुखहरण लाल निवासी कैलाश नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 88 ए भूखंड क्र. 05 क्षेत्रफल 1403.6 वर्गफीट भूखंड को आवेदिका द्वारा विक्रेता आनंद वाकणकर आ. विष्णु वाकणकर निवासी सिकोला से पंजीकृत बैनाम दिनांक 22.11.1994 द्वारा क्रय की है। आवेदिका द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन क्रयशुदा भूखंड के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण में सुनवाई दिनांक 16/02/2022 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/1/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किय गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202103103800024/
अ-20(3)/2020-21

आवेदिका श्रीमती शैलदेवी शर्मा पति स्व. दुखहरण लाल निवासी कैलाश नगर दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्र. 88 ए भूखंड क्र. 07 क्षेत्रफल 1423 वर्गफीट/130 वर्गमीटर को आवेदिका द्वारा विक्रेता सोगर देवी पति कामता प्रसाद तिवारी निवासी तितुरडीह दुर्ग से पंजीकृत बैनाम दिनांक 15.04.1999 द्वारा क्रय की है। आवेदिका द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर प्रश्नाधीन क्रयशुदा भूखंड के नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को दावा या आपत्ति हो तो प्रकरण में सुनवाई दिनांक 16/02/2022 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भूखंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28/1/22 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किय गया।

सील — नजूल जांच अधिकारी
दुर्ग

कार्यालय संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com
आम-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल कालोनी सेजबहार जिला रायपुर में निर्मित दीनदयाल आवास योजनांतर्गत एलआईजी भवन क्र.-954 श्रीमती पूनम सिंह पति श्री रत्नाकर सिंह के नाम पर विक्रय विलेख के आधार पर इस कार्यालय का नामांतरण आदेश क्र. 77 दिनांक 04.01.2013 के माध्यम से नामांतरित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन को दिनांक 22.01.2015 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को आबंटी श्रीमती पूनम सिंह पति श्री रत्नाकर सिंह पता-फ्लैट नं 110, ब्लाक-ए, राधे रीजेन्सी राजेन्द्र नगर इंदौर (म.प्र.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता श्री पैत्रिक तिग्गा पिता अल्बिस तिग्गा पता-54 गंगा विहार कालोनी राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 46 रविग्राम रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 20.10.2021 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री पैत्रिक तिग्गा पिता श्री अल्बिस तिग्गा द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नामांतरण किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखंड/भवन के फ्री-होल्ड पश्चात नामांतरण किए जाने पर किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 447 दिनांक 22.01.22
वार्ड का नाम वार्ड- ठाकुर प्यारेलाल-40

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-40 स्थित भवन/भूमि RPR759A00108 जो कि निगम अभिलेख में श्री सुकलाल धीवर s/o बलीराम धीवर के नाम से दर्ज है जिसको श्री संतोष धीवर s/o स्व. श्री श्यामलाल धीवर ने सहमति पत्र, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, रजिस्ट्री/ लिखित/ शपथ पत्र/ सहमति पत्र द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र. 446 दिनांक 22.01.22
वार्ड का नाम वार्ड- मं. लक्ष्मीनारायण दास-43

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड-43 स्थित भवन/भूमि 43/942 जो कि निगम अभिलेख में श्री भीखम, चंद्रकुमार s/o श्री बाबूलाल ढीमर के नाम से दर्ज है जिसको श्री चन्द्रकुमार ढीमर s/o हीरालाल ढीमर ने सहमति पत्र, शपथपत्र, रजिस्ट्री/ लिखित/ शपथ पत्र/ सहमति पत्र द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सहदेव राम पिता स्व. गिरधारी लाल निवासी ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग स्थिति भूमि खसरा नं. 20/3, 22/2, 22/5, 66/1, 253/1 रकबा कुल 1.8510 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11/02/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/01/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदका श्रीमती अंकिता सिंह पति स्व. विकास सिंह निवासी ग्राम आशीष नगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थिति भूमि खसरा 274/164 का टुकड़ा रकबा 1200 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता तिम्मा स्वामी पिता थिमय्या निवासी ग्राम सेक्टर -2 भिलाई से रजिस्र्ड बैनामा दिनांक 24/1/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जोन हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/02/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/01/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदका श्रीमती गीता सिंह पति कृष्ण कुमार सिंह निवासी ग्राम नया आमापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थिति भूमि खसरा 646/7 का टु. रकबा 1400 वर्गफीट हे. भूमि को विक्रेता हेमन्त खैरकर पिता स्व. लक्ष्मण राव एस खैरकर निवासी ग्राम रूआबांधा से. भिलाई से रजिस्र्ड बैनामा दिनांक 8/12/22 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जोन हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 14/02/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/01/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202201100400202

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका कुंती बाई साहू पति ईश्वरी साहू निवासी-शंकरपुर राजनांदगांव द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम-सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 43/89 रकबा 0.0150 हे. 1520 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18/01/21 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

// नाम-परिवर्तन//

मैं शपथकर्ता तनवीर सिंग आ. त्रिलोक सिंग आयु 38 वर्ष, निवासी प्लैट नं. 307, स्ट्रीट नं. 03 हर्षील रायल्स कातुल बोर्ड, एस.ए.एफ. लाईन भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.)।

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सन्नी जोहल आ. त्रिलोक सिंह हो गया है जो कि लिपिकिय त्रुटि हो गया है तथा मेरा आधार कार्ड नं. 731722982922 है। मेरे सही व वास्तविक नाम मेरे शालेय प्रमाण-पत्र में मेरा नाम तनवीर सिंग आ. त्रिलोक सिंग दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है तथा मेरी जन्मतिथि 18/11/1984 है। उक्त शपथ-पत्र सननी जोहल के स्थान पर तनवीर सिंग गजट प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ-पत्र श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
तनवीर सिंग

// नाम-परिवर्तन//

मैं शपथकर्ती ओझिन बाई उर्फ सीमा नायक पति स्व. मौजी लाल नायक, उम्र 76 वर्ष, स्थाई पता-ग्राम अमोली, पोस्ट व थाना-लालबर्रा, तह. वारासिवनी, जिला-बालाघाट (मध्यप्रदेश) वर्तमान पता-ब्लॉक 14 जी, सड़क-ऐवेन्यू बी, सेक्टर 6 भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग छ.ग.।

शपथकर्ती के पुत्र उत्तम कुमार नायक भिलाई इस्पात संयंत्र में सीनियर आपरेटर कम टेक्नीशियन के पद पर है, जिसका पर्सनल नं.-941022 है। मैं शपथकर्ती के भिलाई इस्पात संयंत्र चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग, सेक्टर-09 जिला-दुर्ग में प्रदत्त प्रमाण-पत्र में नाम सीमा नायक है, परन्तु शाला प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, भारत निर्वाचन आयोग में ओझिन बाई दर्ज है, एक ही व्यक्ति का नाम है। मैं शपथकर्ती को ओझिन बाई उर्फ सीमा नायक नाम से जाना जाता है, पहचाना जाता है, कहा जाता है, बोला जाता है। कहने का तात्पर्य है कि ओझिन उर्फ सीमा नायक एक ही व्यक्ति है, नाम से सम्बोधित होते हैं। मैं शपथकर्ती छत्तीसगढ़ राजपत्र शासकीय प्रकाशन विभाग में प्रकाशित करवाना है के कारण से शपथ-पत्र पेश किया जाना के कारण से यह शपथ-पत्र पेश है। अतः अब मुझे सीमा नायक के नाम से जाना जाये व राजपत्र में प्रकाशन किया जावें।

शपथकर्ता
ओझिन बाई

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202201100900105/202201100900105
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

अमलेश्वर प.ह.न. 00005 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - मंजूषा श्रीवास्तव, अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 05 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कु. मंजूषा श्रीवास्तव पिता रमेश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा ग्राम सिविक सेन्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा निवासी ग्राम अमलेश्वर ह.नं. 06 तहसील पाटन स्थित अंशु गुलाटी पिता आशीष गुलाटी के नाम दर्ज भूमि स्वामी एवं आधिपत्य की परिवर्तित आवासीय की भूमि खं.नं. 630/409 रकबा 1500 (13940 वर्गमीटर) भूखण्ड क्रमांक 103 को पंजीकृत बैनाम दिनांक 06.12.2021 से क्रय आधार पर प्रमाणीकरण किये जाने हेतु सहित आवेदन प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतः आवेदक कु. मंजूषा श्रीवास्तव पिता रमेश चंद्र श्रीवास्तव द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण से सुनवाई तिथि 14/02/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 31/12/2021 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन

न्यायालय तहसीलदार पाटन के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202201100900104/202201100900104
विषयः ब-121 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

सांकरा प.ह.न. 00008 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - मनीष तिवारी, अनावेदक पक्षकार-

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सांकरा प.ह.नं. 08 तह. पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक मनीष तिवारी पिता प्रेमशंकर निवासी नयापारा गोलाबाजार रायपुर जिला रायपुर द्वारा ग्राम सांकरा ह.न. 08 स्थित भूमि ख.नं. 81/1 रकबा 0.01 हे. को पंजीकृत बैनामा दिनांक 12.08.2008 से क्रय कर ना. क्र. 103 वर्ष 2007-08 के आधार पर प्रमाणीकरण होना परन्तु ऋण पुस्तिका प्राप्त नहीं होने से मूल पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु प्रस्तुत आवेदन पर प्रकरण विचारधीन है।

अतः आवेदक मनीष तिवारी पिता प्रेमशंकर द्वारा पंजीकृत बयनामा से उपरोक्त दर्शित भूमि क्रेता के नाम नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण से सुनवाई तिथि 14/02/2022 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 29/01/2022 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
पाटन

संपादकीय

कश्मीर में ऑपरेशन ऑल आउट

भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवानों ने कश्मीर में आतंकवादियों के सफाये के लिए जो ऑपरेशन ऑल आउट चला कर रखा है उससे कश्मीर घाटी में बचे कुचे आतंकियों में हड़कंप मच गया है। एक दिन में ही पांच आतंकवादियों को जहन्नू रसिद कर भारतीय सेना ने साफ कर दिया है कि गए साल के तरह ही नए साल में भी वह आतंकवादियों को चुन-चुन कर बहत्तर हुरों के पास रवाना करेगी। नए साल के पहले माह में ही अब तक 22 आतंकवादियों को मार गिरया गया है। जिसमें लगभग दस आतंकवादी पाकिस्तान के है। जाहिर है पाकिस्तान ही इन भाड़े के टट्टूओं के आड़ में भारत के साथ अप्रत्यक्ष युद्ध कर रहा है। भारत के साथ सीधा मुकाबला करने की उसकी औकात नहीं है। पाकिस्तान ने हमेशा की तरह ही इस बार भी गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान नई दिल्ली या कश्मीर में बड़ी आतंकी घटना को अंजाम देने की साजिश रची थी जो भारतीय सेना की सतर्कता के कारण सफल नहीं हो पाई। उलटे कश्मीर में तो इस साल 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह ज्यादा ही धुम-धाम से मनाया गया। वहां चप्पे-चप्पे पर तिरंगा लहराया और पाकिस्तान किसी भी आतंकी घटना को अंजाम नहीं दे पाया। यही वजह है कि अपनी खीज मिटाने के लिए पाकिस्तान के टुकड़ों पर पल रहे आतंकवादियों ने अब अपनी गतिविधियां तेज कर दी है और पुलिस जवानों को आसान टारगेट बनाकर उन्हें निशाना बना रहे हैं। आतंकियों की इस कायराना करतुत के कारण कश्मीर पुलिस का एक जवान शहीद हो गया। उसी का बदला लेने के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने दो अलग-अलग स्थानों पर मुठभेड़ में पांच आतंकियों को मार गिराया। भारतीय सेना का यह आपरेशन ऑल आउट अभियान इसी तरह जारी रहना चाहिए। जब तक कश्मीर घाटी में एक भी आतंकवादी रहता है तब तक सेना को अपने अभियान को युद्ध स्तर पर जारी रखना होगा। तभी कश्मीर से आतंक का खात्मा होगा और शांति बहाल हो पाएगी। कश्मीर घाटी में सक्रिय अलगावादी तकतों के खिलाफ भी इसी तरह की कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। खास तौर पर उन नेताओं के खिलाफ भी सर्जिकल स्ट्राइक की जानी चाहिए जो खाते भारत का है और गाते पाकिस्तान का है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती, डॉ. फारूख अब्दूल्ला और उमर अब्दूल्ला जब तक भड़काऊ बयान देते रहे हैं। ये आतंकवादियों की ना सिर्फ हिमायत करते है बल्कि भारतीय सेना की कार्रवाही पर भी सवालियां निशान लगाते हैं। कश्मीर से दहशत गर्दी के खात्मे की राह में ये गद्दार सबसे बड़े रोड़ा है। इन्हें भी देशद्रोह के आरोप में जेल में डाल देना चाहिए। तभी कश्मीर में आपरेशन ऑल आउट अभियान पूर्णतः सफल हो पाएगा।

योगेश कुमार गोयल

चुनौती बनती जा रही बढ़ती आर्थिक असमानता

1980 के दशक की शुरूआत में एक फीसदी धनाढ़यों का देश की कुल आय के छह फीसदी हिस्से पर कब्जा था लेकिन बीते वर्षों में यह लगातार बढ़ता गया है और तेजी से बढ़ी आर्थिक असमानता के कारण स्थिति बिगड़ती गई है। आर्थिक विषमता आर्थिक विकास दर की राह में बहुत बड़ी बाधा बनती है। दरअसल जब आम आदमी की जेब में पैसा होगा, उसकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, देश की आर्थिक विकास दर भी तभी बढ़ेगी। अगर ग्रामीण आबादी के अलावा निम्न वर्ग की आय नहीं बढ़ती तो मांग में तो कमी आएगी ही और इससे विकास दर भी प्रभावित होगी। हालांकि बढ़ती आर्थिक असमानता को कम करना सरकार के लिए बहुत बड़ी आर्थिक-सामाजिक चुनौती है लेकिन अगर सरकारों में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो इस असमानता को कम किया जा सकता है।

पिछले दिनों वीडियो कांफ्रेंस के जरिये आयोजित विश्व आर्थिक मंच के दावोस एजेंडा शिखर सम्मेलन के दौरान पेश गैर सरकारी संगठन 'ऑक्सफैम' की रिपोर्ट 'इनइक्वलिटी किल्स' के अनुसार कोरोना महामारी के दौर में अमीर जहां और अमीर होते जा रहे हैं, वहीं गरीब और गरीब हो रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार महामारी के दौरान भारत के अरबपतियों की कुल सम्पत्ति बढ़कर दोगुने से अधिक हो गई और इस दौरान भारत में अरबपतियों की संख्या भी 39 फीसदी बढ़कर 142 हो गई है। देश के दस सर्वाधिक अमीर लोगों के पास इतनी सम्पत्ति है, जिससे पूरे ढ़ाई दशकों तक देश के हर बच्चे को स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा दी जा सकती है।

आर्थिक असमानता पर आई इस रिपोर्ट के मुताबिक 142 भारतीय अरबपतियों के पास कुल 719 अरब अमेरिकी डॉलर यानी 53 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सम्पत्ति है और देश के सबसे अमीर 98 लोगों की कुल सम्पत्ति भारत के 55.5 करोड़ सबसे गरीब लोगों की कुल सम्पत्ति के बराबर है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि महामारी के दौरान सबसे धनी 10 फीसदी लोगों ने राष्ट्रीय सम्पत्ति का 45 फीसदी हिस्सा हासिल किया जबकि निचले स्तर की 50 फीसदी आबादी के हिस्से मात्र छह फीसदी राशि ही आई। रिपोर्ट में सरकार से राजस्व सृजन के प्राथमिक स्रोतों पर पुनर्विचार करने तथा कर प्रणाली के अधिक प्रगतिशील तरीकों को अपनाने का आग्रह करते हुए सुझाव दिया गया है कि इन अरबपतियों पर वार्षिक सम्पत्ति कर लगाने से प्रतिवर्ष 78.3 अरब अमेरिकी डॉलर मिलेंगे, जिससे सरकारी स्वास्थ्य बजट में 271 फीसदी बढ़ोतरी हो सकती है।

कोरोना महामारी के इस दौर में एक ओर जहां करोड़ों लोगों के काम-धंधे चौपट हो गए, लाखों लोगों की नौकरियां छूट गई, अनेक लोगों के कारोबार घाटे में चले गए, वहीं कुछ ऐसे व्यवसायी हैं, जिन्हें इस महामारी ने पहले से कई गुना ज्यादा मालामाल कर दिया है। आंकड़े देखें तो भारत में मार्च 2020 से नवम्बर 2021 के बीच देश के 84 फीसदी परिवारों की कमाई में कमी आई और 4.6 करोड़ लोग तो अत्यंत गरीबी में चले गए। इस बीच जितने लोग पूरी दुनिया में गरीबी के दलदल में फंसे, भारत में यह संख्या उसकी आधी है। एक ओर जहां गरीबों की संख्या बड़ी तेजी से

बढ़ी है, वहीं भारत में अब इतने अरबपति हो गए हैं, जितने फ्रांस, स्वीडन तथा स्विट्जरलैंड को मिलाकर भी नहीं हैं। अति धनाढ़य वर्ग तथा अत्यंत गरीबी में फंसे लोगों के बीच की चौड़ी होती खाई अन्य कमजोर वर्गों को भी प्रभावित कर रही है। आर्थिक विषमता चिंताजनक स्थिति तक बढ़ गई है और विश्व बैंक पहले ही चेतावनी दे चुका है कि दस करोड़ से ज्यादा लोग चरम गरीबी में धकेले जा सकते हैं। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में पिछले साल भी स्पष्ट शब्दों में कहा गया था कि यदि कोरोना के कुबेरों से वसूली होती तो भुखमरी नहीं फैलती।

विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता काफी चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई तरह की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं। करीब दो साल पहले भी यह तथ्य सामने आया था कि भारत के केवल एक फीसदी सर्वाधिक अमीर लोगों के पास ही देश की कम आय वाली सत्तर फीसदी आबादी की तुलना में चार गुना से ज्यादा और देश के अरबपतियों के पास देश के कुल बजट से भी ज्यादा सम्पत्ति है। आज विश्व आर्थिक पत्रिका 'फोर्ब्स' की अरबपतियों की सूची में सौ से भी ज्यादा भारतीय हैं जबकि तीन दशक पहले तक इस सूची में एक भी भारतीय नाम नहीं होता था। हालांकि देश में अरबपतियों की संख्या बढ़ना प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए लेकिन गर्व भी तो तभी हो सकता है, जब इसी अनुपात में गरीबों की आर्थिक सेहत में भी सुधार हो।

बहरहाल, ऑक्सफैम की रिपोर्ट में मांग की गई है कि धनी लोगों पर उच्च सम्पत्ति कर लगाते हुए श्रमिकों के लिए मजबूत संरक्षण का प्रबंध किया जाए। दरअसल बड़े औद्योगिक घरानों पर टैक्स लगाकर सार्वजनिक सेवाओं के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए जा सकते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मत है कि देश के शीर्ष धनकुबेरों पर महज डेढ़ फीसदी सम्पत्ति कर लगाकर ही देश के कई करोड़ लोगों की गरीबी दूर की जा सकती है लेकिन किसी भी सरकार के लिए यह कार्य इतना सहज नहीं है। दरअसल यह जगजाहिर है कि बहुत से राजनीतिक फैसलों पर भी अब इन धन कुबेरों का ही नियंत्रण होता है। तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपने कार्यकाल के कारण वहां के समाज में बढ़ती आर्थिक असमानता पर गहरी चिंता व्यक्त की थी। इसके अलावा बौद्ध धर्मगुरू दलाईलामा तथा ईसाई धर्मगुरू पोप फ्रांसिस सहित कुछ अन्य प्रमुख हस्तियां भी बढ़ती आर्थिक असमानता पर निशाना साधते हुए कह चुकी हैं कि अत्यधिक धन पिपासा समाज में एक नई प्रकार की निरंकुशता को जन्म देती है। बहरहाल, संयुक्त राष्ट्र जैसी कुछ वैश्विक संस्थाओं के अलावा कुछ देशों की सरकारें हालांकि गरीबी उन्मूलन, बेरोजगारी और आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए वर्षों से प्रयासरत हैं लेकिन बेहतर परिणाम सामने आते नहीं दिख रहे।

1980 के दशक की शुरूआत में एक फीसदी धनाढ़यों का देश की कुल आय के छह फीसदी हिस्से पर कब्जा था लेकिन बीते वर्षों में यह लगातार बढ़ता गया है और तेजी से बढ़ी आर्थिक असमानता के कारण स्थिति बिगड़ती गई है। आर्थिक विषमता आर्थिक विकास दर की राह में बहुत बड़ी बाधा बनती है। दरअसल जब आम आदमी की जेब में पैसा होगा, उसकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, देश की आर्थिक विकास दर भी तभी बढ़ेगी। अगर ग्रामीण आबादी के अलावा निम्न वर्ग की आय नहीं बढ़ती तो मांग में तो कमी आएगी ही और इससे विकास दर भी प्रभावित होगी। हालांकि बढ़ती आर्थिक असमानता को कम करना सरकार के लिए बहुत बड़ी आर्थिक-सामाजिक चुनौती है लेकिन अगर सरकारों में दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो इस असमानता को कम किया जा सकता है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं तथा 32 वर्षों से साहित्य एवं पत्रकारिता में सक्रिय हैं।)

विचार

पोस्टकार्ड और संभावनाएं

जब आप अनिश्चितता को स्वीकार करते हैं लेकिन एक खोजपूर्ण और रचनात्मक प्रक्रिया के माध्यम से आप विभिन्न संभावनाओं के बारे में सोचते हैं। यहां तक कि किसी अनजान भविष्य की संभावनाओं का अनुमान लगाते हैं व भविष्यवाणी करते हैं। तो आपकी सोच को भविष्य की सोच कहा जा सकता है। स्कूली शिक्षा प्रणाली जिसकी आलोचना कभी-कभी रटने पर आधारित प्रणाली के रूप में की जाती है, के छात्रों से संभवतः वर्तमान से आगे तक देखने और अनजान भविष्य या अनदेखे अतीत पर अपने विचार देने की उम्मीद नहीं की जा सकती है। परन्तु, देश के बच्चों ने ऐसी सभी धारणाओं को गलत साबित किया है। स्वतंत्रता के 75वें वर्ष पर आयोजित एक कार्यक्रम में तीन विभागों, स्कूल शिक्षा, डाक और संस्कृति के द्वारा एक संयुक्त पहल के तहत देश के कोने-कोने से कक्षा 4 से 12 तक के बच्चों कोए दो विषयों हमारे स्वतंत्रता संग्राम के गुमनाम नायक और 2047 के भारत के लिए मेरा विज़न पर माननीय प्रधानमंत्री को पोस्टकार्ड लिखने के लिए प्रोत्साहित किया गया। एक अनुमान के मुताबिक भारत में लगभग 50 करोड़ पोस्टकार्ड प्रतिवर्ष लिखे जाते हैं। इनमें से एक करोड़ से अधिक पोस्टकार्ड इस साल दिसंबर-जनवरी में बच्चों द्वारा एक ही पते पर भेजे गए थे। प्रधानमंत्री के पते पर! बच्चों के इस अपार उत्साह के लिए माननीय प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में उन्हें हार्दिक धन्यवाद दिया और कुछ बच्चों के पोस्टकार्ड को पढ़कर सुनाते हुए उनके अर्थ व मूलभाव पर चर्चा की। मैं भी यहाँ पर कुछ उन मुख्य बातों को प्रस्तुत करने का प्रयास कर रही हूँए जिन्हें प्रधानमंत्री ने बच्चों की मन की बात का नाम दिया है। बच्चों ने हमारी आजादी के गुमनाम नायकों के योगदान और बलिदान के बारे में बड़े गर्व के साथ विस्तार से चर्चा की है। एक बच्चे ने लिखा हैएश्एक भारतीय क्रांतिकारीएमातंगिनी हाजरा ने सविनय अवज्ञा आंदोलन में भाग लिया और नमक कानून को तोड़ने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। हालांकि उन्होंने औपचारिक शिक्षा प्राप्त नहीं की थीए लेकिन स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए वे कई महिलाओं की प्रेरणा बनीं। एक अन्य छात्र कि हम धीरे-धीरे अपने नायकों जैसे तारा रानी, तिरोट सिंह, दुर्गाबाई देशमुख आदि को भूल रहे हैं इसलिए हमें इन गुमनाम नायकों को याद करने के लिए हर साल राष्ट्र का एक दिन समर्पित करना चाहिए। एक छात्रा ने अपना पूरा पोस्टकार्ड आजाद हिंद फौज की कैप्टन लक्ष्मी सहगल को समर्पित किया है।



अनिता करवाल
आईएएस, सचिव, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

रमेश सर्राफ

भाजपा को दिया अपनो ने झटका

अब तक बंगाल में भाजपा के कई बड़े नेता व करीबन दस विधायक तुणमुल कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। इसी तरह 2017 में विधानसभा चुनाव के दौरान उत्तराखण्ड में कांग्रेस से भाजपा में आकर मंत्री बने यशपाल आर्य अपने विधायक बेटे संजीव आर्य के साथ व हरक सिंह रावत भाजपा छोड़कर फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। उत्तर प्रदेश में भी स्वामी प्रसाद मौर्य, धर्म सिंह सैनी, दारासिंह चैहान ने मंत्री पद से इस्तीफा देकर समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए हैं। उनके साथ ही करीबन 15 अन्य विधायकों ने भी भाजपा छोड़कर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। इनके अलावा टिकट नहीं मिलने पर कई अन्य नेताओं के भी भाजपा छोड़ने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि भाजपा ने भी स्वामी प्रसाद मौर्य जैसे बड़े नेता के पार्टी छोड़ने पर उनके प्रतिद्वंदी रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री व कांग्रेस के बड़े नेता आरपीएन सिंह को भाजपा में शामिल कर लिया है। आरपीएन सिंह स्वामी प्रसाद मौर्य के क्षेत्र पडरौना से ही पूर्व में तीन बार विधायक रह चुके हैं।

पार्टी विद डिफरेंस की टैग लाइन के साथ राजनीति में खुद को अन्य सभी पार्टियों से अलग व श्रेष्ठ बताने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इन दिनों अपनों द्वारा दिए जा रहे झटकों से उबर नहीं पा रही है। देश के पांच राज्यों उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। पांचो प्रदेशों में चुनाव लड़ने वाले सभी राजनीतिक दलों द्वारा अपने-अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा की जा रही है। इसी दौरान विभिन्न पार्टियों के नेताओं द्वारा दलबदल का खेल भी जोरों से चल रहा है। इस दौरान सबसे अधिक झटका भाजपा को लगा है। कुछ वर्षों पूर्व सत्ता के लालच में भाजपा में शामिल होकर सत्ता का सुख भोगने वाले नेता ऐन चुनाव के वक्त भाजपा छोड़कर दूसरे दलों में शामिल होने लगे हैं।

भाजपा नेताओं के दल बदल के लिए जिम्मेदार भी पार्टी के बड़े नेता ही है। 2014 में नरेंद्र मोदी को आगे कर लोकसभा चुनाव लड़ने के दौरान भाजपा ने अपनी मूल विचारधारा को ताक पर रखकर दूसरे दलों से आने वाले सभी नेताओं को धड़ल्ले से पार्टी में शामिल कर उनको चुनाव में प्रत्याशी भी बना दिया था। उसके बाद से ही चाहे प्रदेशों में विधानसभा के चुनाव हो या 2019 का लोकसभा चुनाव। भाजपा ने किसी भी दल से आने वाले नेता को अछूत नहीं समझा और पार्टी में शामिल कर लिया।

भाजपा के बढ़ते जनाधार को देखकर दूसरे दलों के बहुत से ऐसे मौकापरस्त नेता जिनकी अपने दलों में दाल नहीं गल रही थी। वो सभी भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने भी दूसरे दलों से आने वाले नेताओं को भरपूर उपकृत किया। उन्हें विधानसभा व लोकसभा का चुनाव भी लड़वाया तथा चुनाव जीतने पर उनको मंत्री भी बनाया। ऐसे में दल बदल कर पार्टी में आने वाले नेताओं के क्षेत्रों में वर्षों से भाजपा के लिए काम करने वाले पार्टी नेताओं को पूरी तरह से नजरअंदाज कर दिया गया। दल-बदलू नेताओं को भाजपा में पूरी तरहीज मिली। इसका फायदा उठाकर उन्होंने जहां आर्थिक रूप से मजबूती प्राप्त की वही पार्टी के पुराने

कार्यकर्ताओं को दरकिनार कर अपने समर्थकों को विभिन्न पदों पर बैठाया। इससे पार्टी के मूल कार्यकर्ताओं में निराशा व्याप्त होने के कारण वह धीरे-धीरे मुख्यधारा से से किनारे हो गए। लंबे समय तक सत्ता का दोहन करने के कारण अन्य दलों से भाजपा में आये बहुत से नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगने लगे। उनके नाम के साथ कई तरह के विवाद जुड़ गए। ऐसे में चुनाव नजदीक आने पर जब उन्हें पार्टी में फिर से टिकट नहीं मिलने का अंदेशा हो गया तो उन्होंने अपने पद पर रहते ही भाजपा विरोधी किसी अन्य पार्टी में शामिल हो गए। इससे एक तो चुनाव के वक्त पार्टी छोड़ने से जहां भाजपा की हवा खराब हुई। वहीं पार्टी के सामने एकाएक मजबूत प्रत्याशी खड़ा करना मुश्किल हो गया। दूसरे दलों से भाजपा में आए कई नेताओं ने तो पद पर रहते ही भाजपा को अलविदा कह कर पार्टी की किरकिरी भी कराई। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस से भाजपा में आए नाना पटोले ने भाजपा टिकट पर प्रफुल्ल पटेल जैसे दिग्गज नेता को पराजित किया था। मगर तीन साल बाद ही उन्होंने भाजपा व सांसद से इस्तीफा देकर कांग्रेस की सदस्यता ले ली थी। नाना पटोले के इस्तीफे देने के बाद भंडारा गोंदिया लोक सभा सीट पर हुए उपचुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के मधुकर राव कुकड़े ने भाजपा प्रत्याशी हेमन्त श्रवण पटेल को हरा दिया था। उस उप चुनाव में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी को कांग्रेस का भी समर्थन प्राप्त था।

पिछले लोकसभा चुनाव के दौरान दूसरी पार्टी से भाजपा में आए उत्तर पश्चिम दिल्ली में सांसद उदित राज, उत्तर प्रदेश में बहराइच के सांसद रही सावित्रीबाई फुले, आजमगढ़ से पूर्व सांसद रमाकांत यादव, हिमाचल प्रदेश के सुखराम जैसे कई बड़े नेताओं ने भाजपा छोड़कर दूसरे दलों का दामन थाम लिया था। जो कुछ वर्षों पूर्व ही दूसरी पार्टियों से भाजपा में आए थे। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पूर्व मुकुल राय सहित बहुत से बड़े नेता भाजपा में शामिल हुए थे। सभी को बंगाल में भाजपा सरकार बनती दिख रही थी। इसलिए अपने लाभ के लिए भाजपा में आने वालों की बहुत बड़ी संख्या थी। मगर जैसे ही विधानसभा चुनाव के नतीजे आए और ममता बनर्जी भारी बहुमत से तीसरी बार मुख्यमंत्री बनी। उसके बाद भाजपा में दूसरे दलों से आए दल बदलू नेताओं ने पार्टी को छोड़ना शुरू कर दी। सबसे पहले भाजपा के बड़े नेता व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मुकुल राय ने ममता बनर्जी से फिर से हाथ मिला लिया। उसके बाद केंद्र में मंत्री रहे बाबुल सुप्रियो ने मंत्री पद से हटाने से नाराज होकर भाजपा व संसद सदस्यता से त्यागपत्र देकर तुणमुल कांग्रेस में शामिल हो गए।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जो सच्चे भाव दिल में रख प्रभु के



जो सच्चे भाव दिल में रख प्रभु के गान गाता है विधाता के बनाये मार्ग पर बस चलते जाता है नहीं होगा कभी उसका कहीं से बाल भी बांका सभी संकट से उसको बस वही ईश्वर बचाता है

संजय कुमार गिरि

चंद वर्षो का राजा बनने नफरत



चंद वर्षो का राजा बनने नफरत को तैयार किये। बाद गुमनामी में खो जाओगे कवायद ये बेकार किये। वजूद रहेगा शांति का शांति ही जीवन का सार है । हर दौर में नफरती सदा अंत शांति ही स्वीकार किये।

संत आर. थवाईत

खास पाती

प्रकृति कितनी सुंदर लगती



प्रकृति कितनी सुंदर लगती, सुंदर है संसार। खिले-खिले से गुलशन,खिला -खिला गुलज़ार। पक्षी कलरव गीत पुराने,बारिश की बौछार। कोयल ताने राग रागिनी, पायल की झनकार पूनम रचती रूप मनोहर, रात्रि श्वेत श्रिंगार। और अमावस्या में अँगड़ाती, अंग-अंग अंधकार॥ पंछी उड़ते नील गगन में, खुशियों की भरमार। रस बरसाते प्रीत की बोली, धरती कहे पुकार। दिन चमकता सोने जैसा, रजनी सुंदर नार। पहन धवल मोतियन की माला, गगन का अधिकार॥ अलबेली सृष्टि है कितनी, अलबेला परिवार। पशु पक्षी और नर नारी, रहते इस संसार ॥ सबको सुबह सुहानी लगती, मौसम का है प्यार। पतझड़ जैसा कभी जो जीवन, होता कई प्रकार॥ प्रकृति कितनी सुंदर लगती, सुंदर है संसार। खिले-खिले से गुलशन हैं, खिला -खिला गुलज़ार ॥ **पुष्पा त्रिपाठी 'पुष्प'**

अनुभव कहता है खामोशियाँ



अनुभव कहता है खामोशियाँ ही बेहतर हैं, शब्दों से लोग रूठते बहुत हैं.. जिंदगी गुजर गयी...सबको खुश करने में जो खुश हुए वो अपने नहीं थे, जो अपने थे वो कभी खुश नहीं हुए कितना भी समेट लो हाथों से फिसलता ज़रूर है ये वक्त है साहब बदलता ज़रूर है..। **पितांबर श्रीवास्तव**

सुनो यूँ ही कह रहे हम आज अच्छा

सुनो यूँ ही कह रहे हम आज अच्छा लगता है अब तक ही तुम्हें सोचना और बस सोचते ही रहना घण्टों- घण्टों न मालूम क्यों मालूम ही नहीं यकीन भी है पूरा कि तुम झोंका थे हवा का, पानी थे दरिया का, लम्हा थे वक्त का, और अब हो इक याद मगर फिर भी न मालूम क्यों अच्छा लगता है अब तक ही तुम्हें बस सोचते रहना,, सुनो मेरी सोच पर भी अब तक ही कब्ज़ा है तुम्हारा ज़रा सिखाना मुझे भी यूँ कब्ज़ा करना। **शुचि 'भवि'**

परिणय की डोर में सामंजस्य

परिणय की डोर में सामंजस्य है बाकी के रिश्ते हमेशा लटकते रहते हैं तराजू के दोनों पलड़ो पर कहीं भी तोला से माशा हुआ की खटकने लगते हैं पराये पन से आँखें इसकी गरमाहट महसूस करती है लोग निहारते हैं जब अजनबीपन से । **अर्विना गहलोत**

गांधी, निशब्द हो जाती हूं शब्दों



गांधी, निशब्द हो जाती हूं शब्दों में नहीं ढाल सकती तुम्हारे कर्म, मर्म, धर्म अज्ञानी हूं, अबोध भी नहीं समझ पा रही हूं नहीं नाप पा रही हूं वो गहराई, वो दूरी जो नापी थी तुमने भारत की स्वतंत्रता के लिए सब यूं ही तो बापू नहीं कहते जन्म हुआ था आजाद भारत का नमन है तुम्हें कोटि-कोटि नमन विनम्र श्रद्धांजलि 30-जनवरी। **रीता पाण्डेय**

चाँद और सूरज बिन, रौशनी नहीं

चाँद और सूरज बिन, रौशनी नहीं होती भूके पेट होने से, बंदगी नहीं होती भीड़ आदमी की है, आदमी नहीं कोई ढो रहे सभी ग़म को, दिल्लगी नहीं होती आस्तीं के साँपों से, डर रहे यहाँ सब हैं नफ़रतों की दुनिया है, अब खुशी नहीं होती अश्क पी के रहते हैं, है बुझा हुआ चूल्हा होट थरथराते हैं, अब हँसी नहीं होती मुफलिसों के हाथों को काम गर कोई मिलता तो इन्हें निवालों की भी, कमी नहीं होती जंग ओ मुहब्बत में आज भी सभी जायज़ दिल में डर अगर हो तो, आशिक़ी नहीं होती भूके पेट रहकर तो, हौसला नहीं रहता होटों पर तबस्सुम हो, तश्नगी नहीं होती इंतज़ाम रब का है, सब उसी का है 'ऐनुल' बादलों के रोने से, चाँदनी नहीं होती।

'ऐनुल' बरौलवी

QUIZ TIME

1) जनवरी-फरवरी 2021 के बीच किस राज्य में वन विभाग द्वारा पहली बार जल पक्षियों की जनगणना की गई?

2) 2 फरवरी, 2021 को किस संस्थान के भाग के रूप में भारत के पहले आर्द्रभूमि संरक्षण और प्रबंधन केन्द्र की स्थापना की घोषणा की गयी?

3) 9 फरवरी, 2021 को 'शहतूत बांध' के निर्माण हेतु भारत ने समझौता-ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया। यह बांध किस देश में स्थित है?

4) 4 फरवरी, 2021 से 4 फरवरी, 2022 तक आयोजित किए गए चौरी -चौरा शताब्दी समारोह का संबंध किस राज्य से है?

5) 8 मार्च, 2021 को इंटरनेशनल वुमन क्लब ने किस अंतर्राष्ट्रीय भारतीय महिला शूटर को वर्ष 2021 का ग्लोबल एंबेसेडर नियुक्त किया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) पश्चिम बंगाल (2) राष्ट्रीय सतत तटीय प्रबंधन केन्द्र, चेन्नई (3) अफगानिस्तान (4) उत्तरप्रदेश (5) गौरी श्योराण

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। भारत और विश्व इतिहास में एक फरवरी की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1662 चीन के जनरल ने 9 महीने की घेराबंदी के बाद ताइवान के द्वीप पर कब्जा किया। 1786 लॉर्ड कार्नवालिस भारत के गवर्नर जनरल बने। 1827 कलकत्ता बंगाल क्लब की स्थापना हुई। 1835 मॉरिशस में दासप्रथा समाप्त कर की गई। 1855 ईस्ट इंडिया रेलवे का विधिवत उद्घाटन हुआ। 1881 दिल्ली के सबसे पुराने कॉलेज सेंट स्टीफन कॉलेज की स्थापना हुई। 1884 डाक बीमा योजना लागू हुई। 1865 अमेरिका के राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन ने संविधान के 13 वां संशोधन पर हस्ताक्षर किये। 1884 ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी का पहला संस्करण प्रकाशित हुआ। 1930 द टाइम्स ने पहली बार क्रास वर्ड पजल को प्रकाशित किया। 1946 हंगरी की संसद ने नौ शताब्दियों के बाद राजतंत्र को समाप्त किया। 1949 'प्रेस ट्रस्ट ऑफइंडिया' ने 'एसोसिएटेड प्रेस ऑफइंडिया'का अधिग्रहण किया। 1964 भारत में 'यूनिट ट्रस्ट' की स्थापना हुई। 1972 'भारतीय अंतर्राष्ट्रीय विमान पतनन प्राधिकरण' का गठन हुआ। 1976 'राष्ट्रीय संवाद समिति समाचार' का गठन हुआ 1977 भारत के पहले राष्ट्रीय रेल संग्रहालय दिल्ली की स्थापना हुयी। 2004 सऊदी अरब में हज यात्रा पर भगदड़ में 251 लोगों की मृत्यु हो गई और 244 घायल हो गए! 2003 पहली भारतीय-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री कल्पना चावला का निधन। 2005 नेपाल के राजा ज्ञानेंद्र ने लोकतंत्र पर कब्जा करने के लिए एक तख्तापलट किया । 2006 अमेरिका ने दस वर्षीय 'अमेरिकी प्रतिस्पर्धी योजना' की घोषणा की।

युवाओं की अच्छी पहल : स्वच्छता, सेवा और छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने छग महतारी की मूर्ति स्थापित की

■ **सरबदा के युवाओं ने संगठन भी बनाया इसी नाम से, प्रेरक कार्यों से कायम की मिसाल**

बालोद/नवप्रदेश। युवा अगर एकजुट हो जाए तो कई रचनात्मक कार्य कर सकते हैं और समाज में ऐसे बदलाव ला सकते हैं जो दूसरों के लिए प्रेरणा स्रोत हो। ऐसे ही कुछ अलग कर रहे हैं गुरुर ब्लॉक के ग्राम सरबदा के 26 युवा। जिन्होंने छत्तीसगढ़ महतारी सेवा समिति के नाम से संगठन बनाया हुआ है। नाम के अनुरूप ही इन युवाओं ने स्वच्छता, सेवा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापित की है। विगत गणतंत्र दिवस पर गांव में इस मूर्ति की स्थापना का कार्यक्रम हुआ। आसपास के इलाकों में छत्तीसगढ़ महतारी के मूर्ति स्थल के नाम से यह पहली जगह है। इस वजह से यह गांव चर्चा में आ गया है। क्योंकि आमतौर पर छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति नजर नहीं आती। छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बढ़ावा देने के साथ-साथ लोगों में अच्छी बातों का संचार करने के लिए इस मूर्ति को स्थापित किया गया है। तो साथ ही अपने संगठन की एकजुटता को यादगार रखने के लिए यह पहल युवाओं ने मिलकर की है। ताकि अच्छे कार्यों के लिए प्रेरित हो सके। गांव के 26 युवा इस संगठन में शामिल है। वैसे तो इस संगठन की शुरुआत पिछले साल आजादी के पूर्व स्वतंत्रता दिवस से हुई थी। धीरे-धीरे छोटे-छोटे सामाजिक कार्यों के जरिए गांव के युवाओं ने अपनी एकता को और भी मजबूत किया और कुछ अच्छा करने की सोच के साथ आगे बढ़ते रहें। इस कार्य में गांव के पढ़े-लिखे युवा, खेती किसानी करने वालों के अलावा देश सेवा में जुटे हुए युवा भी शामिल है। जो गांव से बाहर रहते हैं पर संगठन को आर्थिक मदद कर गांव के विकास में अपना योगदान दे रहे हैं। पुलिस व आर्मी में पदस्थ युवा इस संगठन की महत्वपूर्ण कड़ी है। जो इसे मजबूती दे रहे हैं। गांव के युवाओं ने बताया कि उनका उद्देश्य स्वच्छता, सेवा के अलावा छत्तीसगढ़ संस्कृति को बढ़ावा देना है। वे स्वयं संगठन के माध्यम से गांव में स्वच्छता का कार्य करते ही हैं। तो वहीं कई सार्वजनिक आयोजन व निजी आयोजनों में भी श्रमदान करते हैं। लोगों की मदद को बढ़ावा देते हैं। कहीं कोई आयोजन होता है तो उसमें भी वह हाथ बटाते हैं। गांव के अलावा दूसरे गांव में भी वे सार्वजनिक आयोजनों में स्वच्छता व सेवा कार्य के लिए जुट जाते हैं।

अमर ज्योति जलाने की भी तैयारी

युवाओं ने बताया कि गांव में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति स्थापित किए ही हैं। शहीदों की याद को ही यादगार रखने के लिए अब इस जगह पर अमर ज्योति स्थापित करने की तैयारी भी चल रही है। ताकि यह स्थल और भी महत्वपूर्ण हो जाए। छत्तीसगढ़ की संस्कृतियों पर आधारित पर्वों को इस स्थल पर मनाएंगे तो वहीं लोगों को भी अपनी संस्कृति के संरक्षण के लिए प्रोत्साहित करेंगे।

ये युवा जुटे हैं नेक कार्य में

स्वच्छता, सेवा के अलावा छत्तीसगढ़ संस्कृति को बढ़ावा देने व जीवित रखने के लिए युवाओं ने संगठन बनाया है। जिनमें दुलेश्वर साहू, तेजप्रताप, मुनींद, चंद्रकांता सिन्हा, धर्मेंद्र कुमार, मोहित सिन्हा, नरेंद्र साहू, शेखर, देववर्ता निषाद, देवराज साहू, नीरज साहू,धनेंद्र साहू,याद राम, राजेश कुमार सिन्हा, राजेश कुमार साहू, गोपेश साहू, युवराज साहू, एवन साहू, कमल किशोर, मानस साहू, किशन साहू, किशन सर्वा, रूप राम साहू, सूरज यादव, प्रवीण साहू समेत अन्य युवा शामिल हैं।

जिपं सदस्य का दो साल का शानदार कार्यकाल पूरा

खरोरा/नवप्रदेश। केशरी साहू क्षेत्र क्रमांक 15 से जिला पंचायत सदस्य के रूप में क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायत और लोगो के सेवा करते हुए शानदार 2 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हुआ। क्षेत्र में आम जनमानस से लगातार संपर्क बनाकर लोगों के सेवा को ईश्वर की सेवा भाव समझते हुए विभिन्न ग्राम पंचायत के मूलभूत समस्याओं को ध्यान देते हुए उन समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध महसूस करते हुए जिस प्रकार से कार्य किये हैं उससे आज जनमानस में लोकप्रिय रही। उनके सफल 02 वर्ष पूर्ण होने पर उनके समर्थको, कार्यकर्ताओं के द्वारा हर्ष महसूस किया गया।

संजीवनी रक्तदाता संघ ने व्हीलचेयर दान किया

खरोरा/नवप्रदेश। संजीवनी रक्तदाता संघ के तत्वाधान में रेलवे स्टेशन तिल्दा नेवरा को 2 व्हीलचेयर दान किया गया। रेलवे स्टेशन में आने-जाने वाले दिव्यांग यात्रियों की सुविधा को मद्देनजर रखते हुए समाज सेवी संस्था ने एक नई पहल की। उक्त कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह चौहान एवं सदस्यगण सुरेश जयसवाल, मंसाराम साहू, लक्की सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी चितेश साहू, प्रशांत यादव आदि ने उपस्थित होकर तिल्दा रेलवे स्टेशन मास्टर जी शर्मा को 2 व्हीलचेयर प्रदान किया।

गायन प्रतियोगिता में लड़कियों ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत रासोटा में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महिला बाल विकास पर्यवेक्षक प्रमिला व सरस्वती सोनी द्वारा किशोरी दिवस के महत्व को बताया गया जिसमें बालिकाओं के प्रति लोगों को जागरूक करना लड़का-लड़की एक समान समझना व शासन द्वारा बालिकाओं व महिलाओं के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। महिलाओं के कानूनी अधिकार के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला बाल विकास सभापति केशरी साहू द्वारा शाही पोषण स्वच्छता शिक्षक बताया गया वो बालिकाओं को स्वच्छता किशोरी किट वितरण किया गया। इस अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता मेहंदी, कविता व गायक प्रतियोगिता ने बालिकाओं को पुरस्कार दिया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य केशरी साहू, सरपंच प्रमिला निषाद, चमन लाल निषाद, त्रिवेणी डहरिया, केशरी निषाद, आदि पंच, अनिल, सत्यपाल घृतलहरे, सविता साहू, परमेश्वरी, ललिता देवदास, रामकली निषाद, शिव कुमारी आदि ग्रामवासी उपस्थित थे।

5 लाख 77 हजार 350 लोगों का किया गया टीकाकरण

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिले में 29 जनवरी तक 5 लाख 77 हजार 350 लोगों को प्रथम एवं द्वितीय खुराक कोविड टीकाकरण किया गया है। जिसमें हेल्थ केयर वर्कर (एचसीडब्ल्यू), फ्रंट लाईन वर्कर (एफएलडब्ल्यू) एवं 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग समूह के लोग शामिल हैं। जिलें के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले मे 29 जनवरी तक 4914 लोगों को प्रिकाशन डोज लगया जा चुका है। 18 वर्ष से अधिक आयु समूह के टीकाकरण के मामले मे बेमेतरा विकासखण्ड में 94 प्रतिशत, बेरला में 81 प्रतिशत, नवागढ़ में 82 एवं साजा विकासखण्ड में 86 प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण कर लिया गया है। जिलें में 3 जनवरी से प्रारंभ 15 से 17 वर्ष आयु वर्ग समूह के किशोर किशोरियों में टीकाकरण के प्रति उत्साह देखा जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि सोशल डिस्टेंस का पालन करें। भीड़-भाड़ वाले स्थानों मे न जायें, दो गज की दूरी मास्क है जरुरी नियम का पालन करें। समय-समय पर साबून से हाथ धोते रहें, सनेटाईसर का उपयोग करें। ताकि कोरोना का संक्रमण एवं फैलाव को रोका जा सके। स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि कोरोना से बचने के लिए हमें और अधिक ऐहतियात बरतने की जरुरत है।

नशा व्यक्ति और समाज दोनों को खोखला करती है : डिगेश्वर

खरोरा/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सेवा योजना स्व. रामप्रसाद देवांगन शासकीय महाविद्यालय खरोरा के स्वयं सेवकों ने ग्राम मोहरेंगा में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि व शहीदी दिवस के अवसर गांधी जी की प्रतिमा के समक्ष ग्रामीणजनों को नशा से दूर रहने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और स्वच्छता का संदेश दिया।

एनसीसी कैडेटों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई

राजनांदगांव/नवप्रदेश। स्थानीय स्टेट हाई स्कूल के जूनियर डिविजन एनसीसी कैडेटों ने 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 74वीं पुण्यतिथि मनाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कैडेट क्लब के अध्यक्ष अमित चंद्रवंशी तथा विशिष्ठ अतिथि पूर्व एनसीसी अधिकारी जीडी वैष्णव उपस्थित थे। महात्मा गांधी जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण उपरांत बापूजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए सत्य, अहिंसा को आदर्श मानकर किए गए कार्यों और देश की आजादी में योगदान पर परिचर्चा की। गांधी जी के आदर्श आज भी प्रासंगिक है। उक्ताशय अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा। इस अवसर पर संस्था के एनसीसी अधिकारी सुनील भागवत के दिशा-निर्देश पर कैडेटों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। सभी एनसीसी कैडेटों ने भी इस परिचर्चा में भागीदारी की।

तहसील, जपं एवं नगरीय निकायों में आज से लगेगें साप्ताहिक जनचौपाल

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर डोमन सिंह ने आम जनता को अधिक सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से प्रति मंगलवार आयोजित जनचौपाल को अब विकेन्द्रीकृत कर दिया गया है। इसके तहत अब आज से पुनः प्रति मंगलवार तहसील,जनपद एवं नगरीय निकायों के कार्यालयों में दोहपर 1.30 बजे से 2.30 बजे तक जनचौपाल का आयोजन होगा। जिसमे संबधित व्यक्ति अपना आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। यह सुविधा बलौदाबाजार क्षेत्र को छोड़कर जिले के सभी अन्य तहसील क्षेत्र में लागू होंगी। इसके लिए कलेक्टर डोमन सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। वर्तमान में तहसील बलौदाबाजार क्षेत्र में कोविड-19 प्रकरणों की संख्या अधिक होने के कारण कलेक्टर कार्यालय एवं तहसील बलौदाबाजार अंतर्गत स्थित अन्य कार्यालय में जनचौपाल को स्थगित रखा गया है।कोविड की स्थिति में सुधार होते ही जिला कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों में यह सुविधा प्रदान की जाएगी। जनचौपाल की इस नई व्यवस्था के तहत तहसील कार्यालय में एसडीएम एवं राजस्व संबंधित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण, जनपद पंचायत में सीईओ एवं अन्य संबंधित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण एवं नगरीय निकाय कार्यालयों में सीएमओ बैठकर जनचौपाल आयोजित कर आवेदन लेंगे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

बेमेतरा/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि तथा भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की स्मृति में रविवार सवेरे 11 बजे बेमेतरा जिले के जलसंसाधन विभाग बेमेतरा, तहसील कार्यालय बेमेतरा, एसडीएम कार्यालय नवागढ़, नगर पंचायत साजा सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

भाजपा महिला मोर्चा द्वारा हल्दी कुमकुम त्यौहार मनाया गया

खरोरा/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा तेलीबांधा मंडल द्वारा हल्दी कुमकुम का त्यौहार शताब्दी नगर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में रजनी शेंडगे के नेतृत्व में मनाया गया। सामाजिक समरसता के इस त्यौहार में महिलाओं को सुहाग की सामग्री दी गई हल्दी और कुमकुम लगाकर खुशहाल जीवन की कामना की गई। भोलेनाथ की पूजा अर्चना व भजन, गीत महिलाओं द्वारा गाया गया। सर्व समाज की खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर डॉ ममता साहू प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, सीमा साहू जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा, अर्चना शुक्ला मंडल अध्यक्ष, किरण बघेल प्रदेश मीडिया प्रभारी, मिली बनर्जी, खुशी साहू, आकांक्षा ठाकुर, तुलसी यादव, रंजना विभोर, जया व सैकड़ों महिलाएं उपस्थित थी।

विधायक आदर्श ग्राम बहेरा (क) में बनेगा भव्य श्रीराम मंदिर

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लाक बेमेतरा के ग्राम बहेरा (क) में आयोजित त्रिस्तरीय श्री अखण्ड नवधा रामायण समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। विधायक ने प्रभु श्रीरामचंद्र के छाया चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि विधायक आदर्श ग्राम बहेरा (क) में भक्तिमय वातावरण में त्रिदिवसीय अखण्ड नवधा रामायण समारोह का भव्य आयोजन रखा गया है, आयोजन समिति को अपनी ओर से बधाई देता हु, छत्तीसगढ़ की संस्कृति में राम बसे हैं। यहां के लोग परस्पर भेंट मुलाकात के दौरान राम-राम का उच्चारण करते हैं, भगवान श्रीराम की माता कौशिल्या का मायका छत्तीसगढ़ है, भगवान श्रीराम ने वन गमन का अधिकांश समय छत्तीसगढ़ में बिताया हैं। भूपेश बघेल की सरकार भगवान श्रीराम पद चिन्ह को चिन्हित कर राम वन गमन पथ से विकास कर रही हैं। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का आदर्श माता पिता की भक्ति आज भी कण-कण में व्याप्त है। श्रीराम अपने पिता के एक वचन को निभाने के लिए सारे सुख त्यागकर वन चले गए। हमें उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए ओर अपने माता पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए। रामायण हमें धर्म के मार्ग पर चलने, सत्य के रास्ते पर चलने की सीख देता हैं। प्रभु श्री रामचंद्र की संपूर्ण जीवन चरित्र हमें सत्य, प्रेम, त्याग, बलिदान और समर्पण की शिक्षा देता है, हम इसे अपने जीवन मे ग्रहण कर अपने मानव रुपी जीवन को धन्य कर सकते है, चरितार्थ कर सकते हैं, रामायण हमें भातृत्व, भाईचारा की शिक्षा देता हैं। भक्ति ही वह मार्ग हैं जिसके द्वारा हम समाज में फैली अशांति को दूर कर सकते हैं। इस प्रकार की धार्मिक आयोजन होने से गांव के आपसी समरसता बना रहता हैं। आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों मांग अनुरूप विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम बहेरा में श्रीराम मंदिर (भवन) 5 लाख रुपए की स्वीकृति दी। इस अवसर पर मिथलेश वर्मा उपाध्यक्ष जपं बेमेतरा, बहल सिंह वर्मा, मनोज शर्मा पार्षद, ऋतिक तिवारी, चेतन नेताम सरपंच प्रतिनिधि, खिलावन वर्मा उपरपंच, महेत्तर वर्मा, टेकराम साहू, अशोक निर्मलकर, पप्पू साहेब, दिनेश वर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहें।

सड़कों का निर्माण प्राथमिकता और जनप्रतिनिधि की सहमति से हो : वीरेंद्र

कवर्धा/नवप्रदेश। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष व जिला भाजपा के महामंत्री वीरेन्द्र साहू ने कलेक्टोटेट पहुंच कर अपने निर्वाचन क्षेत्र व जिले की खस्ताहाल जर्जर सड़कों के नवीनीकरण के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। श्री साहू ने ज्ञापन के जरिए प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत निर्मित ग्राम मानिकचौरी से इंदौरी व मानिकचौरी से पिपरिया, मुख्य मार्ग से जिंदा पहुंच मार्ग सड़कों की हालत अत्यंत जर्जर हो चुकी है। बहुंत अधिक खराब होने के कारण इन मार्गो में लगातार दुर्घटनाएं हो रही है। जिससे धान व गन्ना परिवहन बाधित हो रहा है। इसके अलावा सुगम आवागमन नही होने की वजह से ग्रामीणों की जनजीवन भी प्रभावित है। इसके साथ ही जिले की बहुतायत सड़कें जर्जर हो चुकी हैं। जिन मार्गो से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में ग्रमीणजन ब्लॉक व जिला मुख्यालय में काम-काज को लेकर आवागमन करते है जिन्हें परेशान होना पड़ रहा है। जनपद उपाध्याय ने बताया कि जिले में अधिकारियों के मनमानियों व व्यक्तिगत स्वार्थ के चलते जर्जर सड़कों की मरम्मत व नवीन निर्माण कार्य नही कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि जिन क्षेत्रों में कार्य कराई भी जा रही है उन मार्गो को प्राथमिकता क्रम में नही किया जा रहा है। भाजपा जिला महामंत्री साहू ने अफसरों पर मनमानी का आरोप लगते हुए कहा जो सड़कें अच्छी स्थिति में हैं व वर्तमान में चलने लायक है ऐसी सड़कों का दुबारा नवनीकरण करने का खेल किया जा रहा है। उन्होंने बताया जिले में ऐसे कई मार्ग हैं जो वर्षों से जर्जर हालत है, जिस पर जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों द्वारा निरंतर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराई जा रही है। लेकिन शासन-प्रशासन में बैठे जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों के कान जूं तक नही रेंग रही है। भाजपा महामंत्री वीरेंद्र साहू ने सोमवार को इस विषय को लेकर अपनी मांगे रखी है। जिससे खराब हो चुकी सड़को का त्वरित नवीनीकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही भविष्य में सड़को के निर्माण से पहले जनप्रतिनिधियों से बैठक कर अति आवश्यकता वाले सड़कों के निर्माण कार्य जनप्रतिनिधि की सहमति सुनिश्चित करावे, जिससे आवागमन सुगम बना रहे। उक्त अवसर पर भाजपा वरिष्ठ डॉ खेमराज साहू, जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू, जनपद सदस्य रवि राजपूत, भाजपा पिपरिया मंडल उपाध्यक्ष अ दुर्गेश साहू, गुड्डू, विजय, उमेश, देवा सहित क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

समयावधि में हो समय-सीमा प्रकरणों का निराकरण : कलेक्टर

■ **कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा**

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर नम्रता गांधी ने कहा है कि समय-सीमा प्रकरणों का निरकरण निर्धारित समयावधि में हो, सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने आज अधिकारियों की बैठक में विभागवार समय-सीमा की प्रकरण व जिले में रोजगार मूलक योजना, गोधन न्याय योजना, राजस्व प्रकरणों की स्थिति, लोक सेवा केन्द्र के लंबित प्रकरण, जाति प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, कोविड वैक्सीनेशन, हाट-बाजार क्लिनीक, धनवंतरी योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री सम्मान निधि, जल जीवन मिशन के कार्य और धान खरीदी की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने प्रकरणों के निराकरण व योजनाओं के क्रियान्वयन पर प्रगति लाने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान विभागीय अधिकारियों के दिये गये निर्देशों का पालन एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। शासन की मंशा के अनुरूप अवैध खनिज उत्खनन पर कड़ी कार्यवाही किया जाए। उन्होंने निर्माण एजेंसी विभागों को कार्यो की सूची बनाकर उपयोग में लाये जाने वाली वाहनों के लिए खनिज विभाग से माह मार्च तक एडवांस में रायल्टी पर्ची प्राप्त कर ले। पर्ची के अभाव में पकड़े जाने पर शासकीय कार्यो में प्रयुक्त वाहनों पर भी कार्यवाही होगी। निर्माण कार्य एजेंसी विभाग कार्य प्रभावित न हो इस पर विशेष ध्यान देवे। कलेक्टर ने अधिकारियों को समय-सीमा के पुराने लंबित प्रकरण निपटा लेने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए जिले के सभी 145 गौठानों में गोबर खरीदी व सभी एक्टीव गौठान को मल्टीएक्टीविटी बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने पशुपालन, मत्स्य, कृषि और उद्यानिकी विभाग को कार्य योजना के साथ गौठानों को विकसित करने निर्देशित किया। गौठानों में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट खाद का उठाव के साथ ही जिले के सहकारी समितियों में रासायनिक खाद व वर्मी कम्पोस्ट का पर्याप्त भण्डारण हो। उन्होंने उप संचालक कृषि को गौठानों में निर्मित वर्मी कम्पोस्ट की प्रति सप्ताह रिपोर्ट देने और संबंधित जनपद सीईओ को गौठानों का सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि गौठानों से जुड़े महिला समूहों के उत्पादों की बिक्री के लिए मार्केट लिकिंग वन विभाग के वन औषधि केन्द्र संजीविनी से किया जाए। उन्होंने समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों का राजिम माघी पुन्नी मेला में अधिक से अधिक उपयोग करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि विभागों में विभागीय पेंशन प्रकरण लंबित न रखे। साथ ही आगामी छः माह अंतर्गत सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की पेंशन संबंधी सम्पूर्ण प्रकरण की जानकारी जिला कोषालय अधिकारी को उपलब्ध कराई जाए। जिले के सभी तहसीलदार न्यायालयीन प्रकरणों के संबंध में प्रति सप्ताह और एसडीएम प्रत्येक 15 दिनों में हल्का पटवारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन का मॉनिटरिंग करें। जिले में कहीं भी अवैध प्लाटिंग नहीं होना चाहिए। संबंधित एसडीएम इस पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित करे। कलेक्टर ने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को लाभान्वित करने कृषि, मत्स्य, उद्यानिकी व पशुपालन विभाग आवश्यक पहल करे। रोजगारमूलक योजनाओं में मजदूरों की संख्या बढ़ाई जाए। वहीं मजदूरी भुगतान समय पर हो, यह सुनिश्चित किया जाए। लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से प्राप्त आवेदनों का निरस्तीकरण बढ़ना नहीं चाहिए। साथ ही आवेदन वापसी भी नहीं होना चाहिए। विद्यालयीन छात्रों के जाति प्रमाण पत्रों के संबंध में सभी एसडीएम संबंधित बीईओ की बैठक लेकर कार्य योजना के साथ शत प्रतिशत पूर्ण करें। कमार-भुंजिया विशेष पिछड़ी जनजातियों के नामांतरण प्रकरण पर विशेष ध्यान दे। आयुष्मान कार्ड हेतु प्रतिदिन लक्ष्य निर्धारित कर शत प्रतिशत कार्य पूर्ण करें। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान कोविड-19 वैक्सीनेशन में प्रगति लाने, जिले के महत्वपूर्ण बाजारों में हाट-बाजार क्लीनिक के तहत लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराये, धनवंतरी योजना का विस्तार सभी नगरीय निकायों में करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी में रनिंग वाटर सप्लाई सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए धान खरीदी के अंतिम सप्ताह में सभी नोडल अधिकारियों को संबंधित उपार्जन केन्द्र का भौतिक सत्यापन के दौरान सतर्कतापूर्वक स्टाक पंजी सत्यापन करने के निर्देश दिये।

संभागायुक्त ने धान खरीदी, धनवन्तरी मेडिकल का किया निरीक्षण

कवर्धा/नवप्रदेश। दुर्ग संभागायुक्त महादेव कावरे ने संभाग अंतर्गत कबीरधाम जिले का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कोविड संक्रमण के बचाव और रोकथाम के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों का जायजा लिया साथ ही कोविड वैक्शिनशन की जानकारी ली। दुर्ग संभागायुक्त ने कलेक्टर रमेश शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेंद सिंह के साथ टीकाकरण केन्द्र का निरीक्षण किया और वैक्शिनेशन कराने आए लोगों से चर्चा करते हुए कोविड के रोकथाम के उपाए भी बताए। उन्होने वैक्शिनेशन कराने आए ग्रामीणों से कहा कि अगर उनके परिवार के कोई भी सदस्य टीकाकरण के लिए छूट गए हो तो उन्हें भी वैक्शिनेशन अवश्य कराएं। कोरोना के तिसरी लहर बहुत घातक है किन्तु इस लहर

से बचाने में वैक्शिनेशन बहुत कारगार साबित हो रहा है। उन्होंने शासकीय धनवतरी मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया और मेडिकल स्टोर में उपलब्ध जैनरिक दवाईयों की उपलब्धता, औसत बिक्री की जानकारी ली। उन्होंने इस योजना के प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए ताकि आमजनों को इस मेडिकल के बारे में जानकारी मिल सके तथा बाजार से कम मूल्य में सस्ती दवाईयां मिल सके। इसके अलावा श्री कावरे ने कृषि उपज मंडी में चल रहे धान खरीदी केन्द्र का निरीक्षण किया और धान बेचने आए किसानों से चर्चा भी किए। किसानों ने बताया कि इस बार धान बेचने में किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं हुई। अभी बहुत ही सहजता से बारदाना मिल गया है। उन्होंने बताया कि उसी बारदाने में भरकर हम सब धान बेंचने आए है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बताया कि कबीरधाम जिले में 103 धान खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से सुचारू रूप से धान खरीदी करने की व्यवस्था बनाई गई हैं। समिति प्रबंधन द्वारा पंजीकृत किसानों को घर पहुंच टोकन भी दिए जा रहे है। वहीं इन केन्द्रों में अमानक धान की खरीदी को रोकने और जिले में अन्य राज्यों से आने वाले धान के अवैध परिवहनों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही। इन सब के बीच पंजीकृत किसानों को धान बेचने में किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी ना हो इसके लिए भी डिप्टी कलेक्टरों तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। कलेक्टर ने बताया कि सुचारू व शांति पूर्ण ढंग से धान की खरीदी हो सके इसके लिए जिले में सीमांत किसान, लघु किसान और दीर्घ किसान तीन वर्ग में विभाजित किया गया है। उन्होनें बताया कि जिले में सीमांत किसानों में ढाई एकड़ तक 75 हजार 871 पंजीकृत है। ढाई एकड़ से 5 एकड़ तक के लघु किसानों की संख्या 26 हजार 386 हैं। पांच एकड़ से दस एकड़ तक जिले में 9730 पंजीकृत किसान है। इसी प्रकार दस एकड़ से बीस एकड़ तक जिले में दीर्घ किसानों की संख्या 2 हजार 523 है, बीस एकड़ से अधिक रकबा वाले 428 पंजीकृत किसान है।

पूर्व सीएम रमन सिंह ने किया कांग्रेस पर हमला, कहा-

अब तो लोग कहने लगे मुख्यमंत्री को 'लबरा'

रायपुर/नवप्रदेश। धान खरीदी की तारीख बढ़ाने समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर बीजेपी ने आरंग के फरफौद में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। किसानों की मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह भी शामिल हुए।

पूर्व मुख्यमंत्री डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि किसानों के जीवन में बदलाव लाने का काम बीजेपी सरकार के 15 सालों के कार्यकाल में हुआ, जबकि बीते 3 सालों में राज्य के किसान बदहाल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी सरकार के दौरान धान बेचने किसानों को कभी भटकना नहीं पड़ता था, लेकिन आज किसान हलाकान हैं। ये सरकार बारदाना तक नहीं खरीद पा रही है, लेकिन शराब की बॉटल की कमी इस सरकार के पास नहीं है।

उन्होंने आगे कहा कि मैं गांव-गांव जाता हूं, तो पूछता हूं, कि छत्तीसगढ़ में सबसे बड़ा लबरा कौन? लोग खुद से कहते हैं भूपेश बघेल। कांग्रेस के घोषणा पत्र में कई वादे किए थे, सब झूठे साबित हुए। युवाओं को ढाई हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा था पर ढाई रुपए भी नहीं दिया गया है।

किसानों की धान की खरीदी यदि एक नवंबर से होती तो अव्यवस्था नहीं फैलती। 3 साल में दिल्ली से प्रधानमंत्री आवास बनने के लिए 8 हजार करोड़ रुपए आ गया, लेकिन राज्य का मैचिंग ग्रांट नहीं देने से आवास नहीं बन पाया। एक साल में ही सरकार का गौठान गिर गया और अब तो गांव की गाय भी जानती हैं कि जब बड़े-बड़े नेता आएं तब वहां जाकर बैठ जाना है।

अनुकंपा नियुक्ति में लेनदेन के सीसीटीवी फुटेज की होगी जांच

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग में अनुकंपा नियुक्तियों में लेन-देन की जून माह 2021 को लिखित शिकायत हुई थी और कलेक्टर के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर ने अपने कर्मचारियों को भेज कर शिक्षा अधिकारी के कक्ष से दिनांक 11 जून को डीवीआर जप्त कर लिया था, क्योंकि यह लिखित शिकायत हुआ था कि जिला शिक्षा अधिकारी के कक्ष में अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए पैसे के लेन-देन की रिकॉर्डिंग हो सकता है, लेकिन डीवीआर जप्त करने के पश्चात् इसकी रिकवरी नहीं कराया गया, जिसको लेकर शिकायतकर्त्ता प्रेमनारायण वर्मा ने संयुक्त संचालक, दुर्ग संभाग को पत्र लिखकर डीवीआर की जांच कर कार्यवाही कराने की मांग किया गया था, उनका कहना है कि यह भ्रष्टाचार और लोकहित से जुड़ा हुआ मामला है और जांच रिपोर्ट में यह लिखा हुआ है कि जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव ने नियम विपरीत अनुकंपा नियुक्ति आदेश जारी किया गया और नियम विपरीत अनुकंपा नियुक्ति आदेश निरस्त किया गया, इतना ही नहीं विधानसभा में भी अनुकंपा नियुक्ति के संबंध में मिथ्या व भ्रामक जानकारी प्रस्तुत किया गया, इसलिए इस प्रकरण की तत्काल निष्पक्ष जांच होना चाहिए। अब सवाल यह भी उठ रहा है कि सीसीटीवी फु टेज को अब तक रिकवर क्यों नही कराया गया। जिस तत्परता के साथ डीवीआर को जप्त

किया गया था और उसके पश्चात् सीसीटीवी फुटेज में क्या दिखा, यह कोई बताने को क्यों तैयार नहीं है। क्या डेटा डिलिट कर दिया गया था? या फुटेज में लेन-देन का रिकॉर्डिंग दिख रहा है? जानकार बता रहे है कि दोनों ही परिस्थिति में एफआईआर दर्ज होना चाहिए था, लेकिन ऐसा क्यों नहीं हुआ? शिकायतकर्ता का कहना है कि अपराध करना और साक्ष्य को छिपाना दोनों ही परिस्थिति में प्राथमिकी दर्ज होना था और उनके द्वारा कलेक्टर और पुलिस अधिक्षक को पत्र लिखकर कार्यावाही करने की मांग किया गया था, लेकिन जब कोई कार्यवाही नहीं किया गया, तो संयुक्त संचालक, दुर्ग संभाग को कार्यवाही करने की मांग किया गया था जिस पर अब कलेक्टर को जांच कर कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया है।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की जिला कार्यसमिति की बैठक संपन्न

राजनांदगांव। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल जिला राजनांदगांव की जिला कार्यसमिति की बैठक विगत दिनों दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर महावीर चौक पर संपन्न हुई। बैठक में विशेष रूप से विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री घनश्याम चौधरी एवं सामाजिक समरसता प्रमुख भगवती प्रसाद शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश अग्निहोत्री एवं जिला मंत्री राजेश खांडेकर के द्वारा संगठन के काम को प्रखंड खंड एवं ग्राम स्तर तक ले जाने की योजना बनाई गई तथा जिले में हो रहे धर्मांतरण पर भी संगठन के द्वारा चिंता जाहिर करते हुए उसकी रोकथाम के लिए योजना बनाई गई तथा धर्मांतरण को गंभीरता से लेते हुए और प्रत्येक हिंदुओं को संगठित करने के लिए जागृत करने के लिए संगठन का काम को प्रत्येक गांव स्तर तक ले जाने की योजना बनाई गई। बैठक के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित प्रांत के सह मंत्री घनश्याम चौधरी जी ने अपने वक्तव्य में बताया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 1964 में हुई थी तथा 2024 को इस संगठन के 60 वर्ष पूर्ण हो

जाएंगे, जिस को ध्यान में रखते हुए संगठन के कार्य को विस्तार करने के लिए हम सब कार्यकर्ताओं को सही दिशा में संगठित होकर कार्य करना है। बैठक का प्रारंभ प्रांत के सत्संग प्रमुख कृष्ण शुभम जी महाराज के द्वारा मधुर गीत के साथ की गई। बैठक रूप में मुख्य रूप से प्रांत के सह मंत्री नंदू राम साहू, विभाग मंत्री अरुण गुप्ता, सा विभाग मंत्री सुशील अड्डा, विभाग संयोजक बजरंग दल प्रशांत दुबे, विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष तरुण हथेल, जिला उपाध्यक्ष भगवतशरण, शहर अध्यक्ष योगेश बागड़ी, बजरंग दल संयोजक सुनील सेन, जिला सहसंयोजक राहुल मिश्रा, हनी गुप्ता, अंकित खंडेलवाल, आशीष तिवारी, रिंकू शर्मा, मातृशक्ति संयोजिका श्रीमती सरिता साहू, दुर्गा वाहिनी संयोजिका हेमा साहू, ज्योति जंघेल, धर्म प्रसार प्रमुख अनूप श्रीवास, सेवा प्रमुख महेंद्र जंघेल, गौरक्षा प्रमुख दिलीप श्रीवास्तव, अंशुल कसार, हरजीत सिंह, गगन साहू, राजनांदगांव नगर के कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पांडे, मंत्री शैलेश मिश्रा, बजरंग दल के नगर संयोजक प्रशांत दुर्गा, प्रसाद यादव, वक्रतुंडा साहू, राजीव चंद्राकर, मिथिलेश मिश्रा, अभिजीत जोशी, संदीप सिंह ठाकुर, हेमा साहू, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी विशेष संपर्क प्रमुख लाल मुंनाई सिंह, राजनांदगांव प्रखंड प्रमुख टी. मेजर सहित बजरंग दल विश्व हिंदू परिषद के अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नवविवाहिता ने दी जान, पति, जेठ-जेठानी, सास व ससुर को 10-10 वर्ष कारावास की सजा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दहेज हत्या के एक मामले में तीन दिवस पूर्व फैसला सुनाने के बाद एक अन्य दहेज हत्या के मामले में दिनांक 31 जनवरी 2022 को फैसला सुनाते हुए माननीय अपर सत्र न्यायाधीश फ ास्ट ट्रेक कोर्ट राजनांदगांव पीठासीन न्यायाधीश अभिषेक शर्मा द्वारा आरोप साबित होने पर नवविवाहिता के पति जितेन्द्र पिता सरवन कुमार 22 वर्ष, जेठ संजय कुमार पिता सरवन कुमार 30 वर्ष, जेठानी गीता पति संजय कुमार महार 30 वर्ष, सास राजकुमारी पति सरवन 47 वर्ष एवं ससुर सरवन पिता स्व. परदेशी राम महार उम्र 52 वर्ष सभी निवासी ग्राम भटगुना थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगाँव को भारतीय दंड संहिता की धारा 498 ए के तहत 01-01 वर्ष का सश्रम करावास एवं 1000-1000 रूपये अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न करने पर 01-01 माह का अतिरिक्त सश्रम करावास तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 304-ख के तहत् 10-10 वर्ष के सश्रम करावास की सजा से दंडित किये जाने का दंडादेश पारित किया गया। न्यायालय के समक्ष मामले में छत्तीसगढ़ राज्य की ओर से आदित्य प्रकाश श्रीवास्तव, अतिरिक्त लोक अभियोजक, फ ास्ट ट्रेक कोर्ट, राजनांदगांव ने पैरवी की। मृतिका संगीता बाई निवासी ग्राम धुपसाल, थाना छुरिया, जिला राजनांदगांव का विवाह मृतिका के मृत्यु के दो वर्ष पूर्व सामजिक रीति-रिवाज के साथ अभियुक्त जितेन्द्र निवासी भटगुना के साथ संपन्न हुआ था।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आर्थिक सर्वे पेश...

है और स्थिति अभी भी पूरी तरह सुधरी नहीं है। महामारी के दौरान घाटे में वृद्धि और कर्ज बढ़े

- इसमें आशा जताई गई है कि वित्त वर्ष 2020-21 में महामारी के दौरान घाटे में वृद्धि और कर्ज संकेतक बढ़ने के बाद वर्ष 2021-22 में सरकार की वित्तीय स्थिति में मजबूती आएगी।

महंगाई से सजग रहना होगा

आर्थिक समीक्षा में सरकार ने कहा है कि आर्थिक मोर्चे पर ऐसे कई संकेत मिल रहे हैं, जिससे कि अर्थव्यवस्था में मजबूती आने के संकेत हैं। हालांकि, सरकार को आयातित महंगाई से सजग रहना होगा, खासकर ऊर्जा क्षेत्र में।

राष्ट्रपति के भाषण...

सशक्त बनाने के लिए निरंतर काम कर रही है। सरकार ने रिकॉर्ड उत्पादन को ध्यान में रखते हुए रिकॉर्ड सरकारी खरीद की। देश का कृषि निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ा है। वर्ष 2020-21 में कृषि निर्यात में 25 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई। यह निर्यात लगभग 3 लाख करोड़ रुपए पहुंच गया है। देश के 80 प्रतिशत किसान छोटे किसान हैं, जिनके हितों को मेरी सरकार ने हमेशा केंद्र में रखा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से 11 करोड़ से अधिक किसान परिवारों को 1 लाख 80 हजार करोड़ रुपए दिए गए हैं।

यूपी से लौटते ही ...

शुरुआत आगामी 3 फरवरी को सांसद और कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी राजधानी के साईंस कॉलेज मैदान में इस योजना का शुभारंभ करेंगे। राज्य सरकार द्वारा शुरू की जा रही इस योजना के तहत ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर परिवार को प्रति वर्ष 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। इसके लिए राज्य के अनुपूरक बजट में 200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम में राहुल गांधी योजना के लिए पात्र 3 लाख 55 हजार भूमिहीन कृषक मजदूरों को डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों राशि अंतरण करेंगे।

राज्य की होगी महत्वपूर्ण योजना : छत्तीसगढ़ राज्य में ग्रामीण आबादी का एक बड़ा हिस्सा कृषि कार्यो से जुड़ा है। कृषि कार्यों में गांव में कई भूमिहीन परिवार कृषि मजदूरी का कार्य करते हैं। राज्य में खरीफसत्र में ही कृषि मजदूरी के लिए पर्याप्त अवसर होते हैं, लेकिन रबी सत्र में फसल क्षेत्राच्छादन कम होने के कारण कृषि मजदूरी के लिए अवसर कम हो जाते हैं।

चुनाव आयोग का...

आयोग ने 22 जनवरी को फिजिकल रैलियों और रोड शो पर प्रतिबंध को 31 जनवरी तक बढ़ा दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र...

में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के पुराने फैसले का हवाला देते हुए केंद्र की बजाय राज्य स्तर पर अल्पसंख्यकों की पहचान कर आंकड़े तैयार करने और उसी मुताबिक दिशा-निर्देश बनाने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

ममता बनर्जी ने गवर्नर ...

बंगाल के गवर्नर जगदीप धनखड़, चीफसेक्रेटरी और पुलिस महानिदेशक को धमकी दे रहे हैं। सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए ममता बनर्जी ने कहा, मैंने गवर्नर जगदीप धनखड़ के बारे में पीएम को कई पत्र लिखे हैं कि वह नहीं सुन रहे हैं।

हिंदुत्व के रास्ते...

काम शुरू होने जा रहा है। सड़क चौड़ीकरण के रास्ते में दो मंदिर भी आ रहे हैं। इनमें से एक छोटा मंदिर जिला चिकित्सालय के पास स्थित है तो दूसरा मंदिर बस स्टैण्ड, चर्च के पास है। इन मंदिरो को हटाए जाने की कवायद प्रारम्भ हुई तो हिंदूवादी संगठन सक्रिय हो गए। भाजपा के साथ ही विश्व हिंदू परिषद, आरएसएस, हिंदू जागरण मंच, गायत्री परिवार, हिंदू महासभा के साथ ही ब्राम्हण समाज ने भी मोर्चा खोल दिया। सोमवार को इन सभी ने बस स्टैण्ड स्थित हनुमान मंदिर से रैली निकाली और कलेक्टरोरेट जाकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

मामले को लेकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर लौटे भाजपा नेता व पूर्व एल्डरमैन डॉ. प्रतीक उमरे कहते हैं,- हनुमान मंदिर को सिर्फ अतिक्रमण के रूप में नहीं देखा जा सकता। यह हजारों लोगों की आस्था का केन्द्र है। वे कहते हैं, - ऐसा डेव्हलपमेंट किस काम का, जो आस्था पर चोट पहुंचाए। कल को यहां खनिज निकल आया तो पूरा मंदिर ही तोड़ देंगे। उमरे कहते हैं,- एक ओर जहां सरकारें वृक्षारोपण की दुहाई देतीं हैं तो दूसरी ओर सड़क चौड़ीकरण के नाम पर बड़ी संख्या में पेड़ काट दिए गए। इससे पर्यावरण को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई कौन करेगा? दरअसल, मामले का एक पेंच मंदिर के सामने स्थित चर्च भी है। हिंदूवादियों का आरोप है कि अतिक्रमण की चपेट में इस चर्च का भी कुछ हिस्सा आ रहा है। हालांकि इसाई समुदाय किसी तरह के अतिक्रमण को नकारता है। इधर, भाजपा नेताओं का कहना है,- यदि इतना ही आवश्यक है तो मंदिर को हटाया जा सकता है, लेकिन पीडब्ल्यूडी के अफसर इस मंदिर को पीएचई दफ्तर के पास ले जाना चाह रहे हैं। हमारी मांग है कि मंदिर को यहीं सड़क के किनारे पुनःस्थापित किया जाए। वे सवाल करते हैं,- आखिर दूसरे विकल्पों पर विचार क्यों नहीं किया जा रहा? भाजपाइयों का स्पष्ट आरोप है कि पीडब्ल्यूडी के अफसर राजनीतिक दबाव में काम कर रहे हैं।

भविष्य में दिखेगा असर...

राजनीतिक नजरिए से देखे तो कवर्धा में जहां विधानसभा की महज 2 सीटें ही हैं, वहीं दुर्ग जिले में 6 सीटें हैं। भाजपा शायद यह भी देख रही है कि दुर्ग जिला सत्ता के दो शीर्ष नेताओं मुख्यमंत्री और गृहमंत्री का गृहजिला भी है। यह भी संयोग ही कहेंगे कि जिस कवर्धा में साम्प्रदायिक तनाव चरम पर पहुंच गया था, वहां के विधायक मोहम्मद अकबर दुर्ग जिले के प्रभारी मंत्री हैं। इन परिस्थितियों में यहां यदि धार्मिक माहौल बनता है इसका राजनीतिक असर पूरे प्रदेश पर होगा। संभव है कि कुछ महीनों बाद भाजपा के रणनीतिकार इन मुद्दों को लेकर जमीन पर उतरें।

कवर्धा में काम आई...

उड़ रही थी, क्योंकि जनता को भी फिर से मुंह दिखाना था। ठीक ऐसे ही समय में कवर्धा में झंडा लगाने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हुआ। हालात दंगों तक पहुंच गए। यही वह वक्त था, जिसे भाजपा के नेताओं ने हाथोंहाथ लिया। उन्हें घर बैठे जबरदस्त मुद्दा मिल गया। प्रदेश भाजपाध्यक्ष धरम कौशिक से लेकर बृजमोहन अग्रवाल, अजय चंद्राकर, शिवरतन शर्मा, नारायण चंदेल से लेकर सांसद संतोष पाण्डेय तक सब सक्रिय हो गए। कवर्धा में भाजपा और हिंदूवादी संगठनों ने जमकर माहौल बनाया। विहिप ने बंद बुलाया, बजरंग दल के लोगों ने रैली निकाली। कुल मिलाकर इस मुद्दे को चुनाव तक जीवित रखने की रणनीति भी बना ली गई। हालांकि प्रशासन ने इस मामले को पूरी गम्भीरता के साथ हल किया। हिंदूत्ववादियों की गिरफ्तारियां की गई तो कई बड़े नेताओं को भगोड़ा तक घोषित किया गया।

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुप कुमार ताम्रकार आ./पति सूरजदीन ताम्रकार साकिन धमधा प.ह.नं. 09 तह. धमधा जिला दुर्ग ने ग्राम हरदी स्थित स्वयं/शामिलात खाते की कृषि भूमि खसरा नं. 97, 175, 181, 306, 376, 503, 727, 897 रकबा कुल 12.05 हे. के भूमि सहखातेदार पुन्नी बाई आ. सूरजदीन के दिनांक 08/11/2021 को मृत्यु हो जाने से फौती उठाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को फौती उठाने के संबंध में किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 03/02/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/01/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
धमधा (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुप कुमार ताम्रकार आ./पति सूरजदीन ताम्रकार साकिन धमधा प.ह.नं. 09 तह. धमधा जिला दुर्ग ने ग्राम धमधा स्थित स्वयं/शामिलात खाते की कृषि भूमि खसरा नं. 1503, 1505 रकबा 0.36, 0.06 हे. के भूमि सहखातेदार पुन्नी बाई आ. सूरजदीन के दिनांक 08/11/2021 को मृत्यु हो जाने से फौती उठाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

यदि जिस किसी भी व्यक्ति को फौती उठाने के संबंध में किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 03/02/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18/01/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
धमधा (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./04/अ-19/2/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक सेवा सहकारी समिति मर्या. बिरेझर पंजीयन क्रमांक 3331 तहसील बोरी जिला दुर्ग द्वारा ग्राम बिरेझर प.ह.नं. 67, रा.नि.मं. व तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.) स्थित घास भूमि ख.नं. 1060 का टुकड़ा रकबा/1.20 हे. भूमि पर ग्रामीण अधोसंरचना विकास निधि (आर.आई.डी.एफ.) योजनांतर्गत (200 मि.टन) गोदाम सह कार्यालय भवन निर्माण हेतु भूखण्ड आबंटन किये जाने बाबत् आवेदन पत्र माननीय कलेक्टर महोदय दुर्ग जिला दुर्ग के पत्र पृ.क्र. 364/प्र.कले./2022 दुर्ग दिनांक 10.01.2022 के माध्यम से प्राप्त हुआ है जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उपरोक्त भूमि के आबंटन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि दिनांक 14/02/2022 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/1/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीय मुहर के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
बोरी, तह.-बोरी, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-19(2) वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक अध्यक्ष तहसील सतनामी समाज बोरी सकिन बोरी द्वारा ग्राम बोरी प.ह.नं. 26 रा.नि.म. बोरी तहसील बोरी जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामि हक का शासकीय घास भूमि खं.नं.45/1 का टूकड़ा रकबा 0.09 हे. में सांसद निधि द्वारा भवन निर्माण अहाता निर्माण, बोर खनन किया जाकर सामाजिक गति विधिया जारी है का भूमि आबंटन सतनामी समाज बोरी के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज किये। बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन लंबित है। अतः भूमि आबंटन किये जाने पर किसी भी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई तिथि दिनांक 14/02/2022 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/1/2022 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीय मुहर के साथ जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
बोरी, तह.-बोरी, जिला दुर्ग

कार्यलय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री आलोक एस. के. अग्रवाल आ. श्री शालिगराम अग्रवाल, निवासी कोहका भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग में स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी.-155, कोहका भिलाई, जिला दुर्ग में आबंटित हुआ है। आबंटी श्री आलोक एस.के. अग्रवाल के द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 24.05.2010 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 15.04.2014 पश्चात्, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 03.10.2020 को श्रीमती सीमा प्रसाद पति श्री अनिल कुमार रंजन एवं श्री अनिल कुमरा रंजन आ. स्व. रामयाद पंडित के संयुक्त नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेतागण श्रीमती सीमा प्रसाद एवं श्री अनिल कुमार रंजन के द्वारा पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपना नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः नवीन क्रेता श्री यशपाल प्रसाद चन्द्राकर के नाम हस्तान्तरण/नामंतरण किया जाता है तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्धशासकीस बैंक वित्तीय निकायों इत्यादी को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। बाद में प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 31/01/22 को जारी किया गया है।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)
संक्षिप्त मैन्युअल निविदा सूचना क्रमांक-41

ज्ञा.क्र. 262/व.ले.लि./ग्रा.यां.से./2021-22 — दुर्ग, दिनांक 28/01/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से जोनल निविदा जनपद पंचायत अंतर्गत विभिन्न मदों में वर्ष 2021-22 हेतु स्वीकृत रुपए 10.00 लाख से कम लागत के छोटे-छोटे विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य का सम्पादन करने हेतु मैनुअल जोनल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
1	जोनल निविदा ग्रुप क्र. 16 :- जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत विभिन्न कार्य	20.00
2	जोनल निविदा ग्रुप क्र. 17 :- जनपद पंचायत दुर्ग अंतर्गत विभिन्न कार्य	20.00

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://cg.nic.in/resworks में दिनांक 28/01/2022 से देखी जा सकती है एवं डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 11.02.2022 तक है।

जी-67274/2

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग, पश्चिम बस्तर संभाग, बीजापुर

क्रमांक :- 232/NIT-13/2021-22/व.ले.लि. — दिनांक 27/01/2022

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	2	3
13 T0056	बीजापुर-आवापल्ली-बासागुड़ा-जगरगुड़ा मार्ग के कि.मी. 1.00 से 43.00=43.00 किमी में डब्ल्यू.बी.एम./बी.टी. पेच रिपेयर का कार्य (प्रथम आमंत्रण)	44.34 लाख

नोट :-
1 निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 10.02.2022
2 उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल http://cg.nic.in/pwdraipur से भी अवलोकन किया
टीप :- ऑन लाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म के प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।

जी-67285/3

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. पश्चिम बस्तर संभाग
बीजापुर

Chola Enter a better life
चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस कम्पनी लिमिटेड

नियम 8(1) के तहत कब्जा सूचना

क्र.	कर्जदार का नाम/ ऋण खाता सं. एवं पता	मांग सूचना की तिथि	बकाया राशि	कब्जे की संपति का विवरण	[illegible]
ए	बी	सी	डी	ई	एफ
1.	ऋण खाता संख्या- X0HEDHT00002069602 X0HEDHT00002576868 1. श्याम सुंदर मुलवानी, 2. कोमल मुलवानी, 3. चन्द्रा बाई मुलवानी [illegible]	02.11.2021	₹ 22,25,649.97/- 25.10.2021 को	[illegible]	28.01.2022
2.	ऋण खाता संख्या- HE01RDN00000002721 1. प्रवीण गजभिये 2. अल्का गजभिये [illegible] 3. साहिल इन्टरप्राईजेस [illegible] छत्तीसगढ़-491441	06.10.2021	₹ 21,86,597.00/- 30.09.2021 को	[illegible]	27.01.2022

दिनांक: 01.02.2022, स्थान: धमतरी, राजनांदगांव — प्राधिकृत अधिकारी/ चोलामण्डलम इन्वेस्टमेंट एण्ड फायनेंस क. लिमि.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
लोक निर्माण विभाग संभाग- बलौदाबाजार
श्री टी.सी. वर्मा जी, कार्यपालन अभियंता
श्री एम.एल. नायक जी, सहा. कार्यपालन अभियंता
उप संभाग कसडोल
विनीत- लोक निर्माण विभाग के समस्त स्टाफगण जिला- बलौदाबाजार

समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
जल संसाधन विभाग संभाग- बलौदाबाजार
श्री अजय कुमार चौधरी जी कार्यपालन अभियंता
विनीत- जल संसाधन विभाग के समस्त कर्मचारीगण, जिला- बलौदाबाजार

समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
उद्यान विभाग जिला- बलौदाबाजार
श्री रामस्वरूप वर्मा जी, सहायक संचालक
विनीत- उद्यान विभाग के समस्त स्टाफ/कर्मचारीगण जिला- बलौदाबाजार

समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
कृषि विभाग जिला- बलौदाबाजार
श्री संत कुमार पैकरा जी, उप संचालक
श्रीमती कुसुम वर्मा जी, सहायक संचालक
विनीत- कृषि विभाग के समस्त स्टाफ/कर्मचारीगण जिला- बलौदाबाजार

समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
जिला- आबकारी विभाग, बलौदाबाजार
छ.ग. स्टेट बेवरेज कार्पोरेशन जिला- बलौदाबाजार
श्री ए.के. सिंह जी, जिला- आबकारी अधिकारी
नोट :- झन पीहू शराब, नशा हे खराब, नशा नाश है।।
शराब व अन्य नशीली पदार्थो का अवैध व्यापार न करे।
विनीत- जिला आबकारी विभाग के समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण

समस्त क्षेत्रवासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं...
खनिज विभाग जिला- बलौदाबाजार
श्री एम. चन्द्रशेखर जी, जिला खनिज अधिकारी
श्री के.के. बंजारे जी, सहायक खनिज अधिकारी
नोट :- खनिज पदार्थों का अवैध उत्खनन अपराध है
अवैध उत्खनन करने से बचें।
विनीत- खनिज विभाग के समस्त स्टाफ/कर्मचारीगण जिला- बलौदाबाजार

संकलनकर्ता :- धनीराम साहू, ब्यूरो प्रमुख बलौदाबाजार, मो. नं. 9575838192

स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं....

छत्तीसगढ़ शासन

राजीव युवा मितान क्लब छत्तीसगढ़

बात है अभिमान के
छत्तीसगढ़िया
स्वाभिमान के

राजीव युवा मितान क्लब

सामाजिक-सांस्कृतिक मूल्यों व्यक्तित्व विकास के लिए

- नगरीय तथा पंचायतों में 13269 क्लब
- हर क्लब को सालाना 1 लाख रू. तक मदद

मेरा मानना है कि युवा शक्ति राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण पूंजी है। राजीव युवा मितान क्लब राज्य की युवा शक्ति को संगठित करने और उन्हें रचनात्मक कार्यों से जोड़ने का अभिनव कार्यक्रम है। हम युवाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ की कला, परंपरा, साहित्य-संस्कृति तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में सफल होंगे। प्रत्येक क्लब को प्रत्येक तीन माह में 25 हजार रुपए के मान से एक साल में एक लाख रुपए की राशि उनकी रचनात्मक गतिविधियों के संचालन के लिए प्रदाय की जा रही है।

श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

संवाद - 31099/1

सेवा, जतन, सरोकार - छत्तीसगढ़ सरकार

छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क